दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 17 जनवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 29 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की चौथी लिस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चौथी और फाइनल सूची गुरुवार को जारी कर दी। जिसमें नौ उम्मीदवारों के नाम हैं। भाजपा ने 68 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। जबकि एक सीट जदयू और एक लोजपा को दी है। इससे पहले रविवार रात को एक उम्मीदवार की अपनी तीसरी सूची जारी की थी। जिसमें पार्टी ने मुस्तफाबाद सीट से मोहन सिंह बिष्ट को टिकट दिया था।

भाजपा ने शिखा राय को ग्रेटर कैलाश से टिकट दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज के खिलाफ शिखा राय चुनाव लड़ेंगी। शिखा राय पेशे से वकील हैं और वह 2020 में ग्रेटर कैलाश से विधानसभा का चुनाव लड़ चुकीं हैं। उन्हें भारद्वाज के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वह भाजपा की दिल्ली ईकाई में सचिव, महासचिव और उपाध्यक्ष के पद के आलावा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी हैं।

नरेला से राज करण खत्री, तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री, मुंडका से गजेंद्र दराल, किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर माजरा (अजा) से कर्म सिंह कर्मा, शकूर बस्ती से करनैल सिंह, त्रि नगर से तिलक राम गुप्ता, सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल, चांदनी चौक से सतीश जैन, मटिया महल से दीप्ति इंदौरा, बल्लीमारा से कमल बागड़ी, मोती नगर से हरीश खुराना, मादीपुर (अजा) से उर्मिला कैलाश गंगवाल, हरिनगर से श्याम शर्मा, तिलक नगर से श्वेता सैनी, विकासपुर से पंकज कुमार सिंह, उत्तम नगर से पवन शर्मा, द्वारका से प्रद्युम्न राजपूत, मटियाला से संदीप सहरावत, नजफगढ़ से नीलम पहलवान, पालम से कुलदीप सोलंकी, राजिंदर नगर से उमंग बजाज, कस्तूरबा नगर से नीरज बसोया, तुगलकाबाद से रोहतास बिधूड़ी, ओखला से मनीष चौधरी, कोंडली (अजा) से प्रियंका गौतम, लक्ष्मी नगर से अभय वर्मा, सीलमपुर से अनिल गौड़, करावल नगर से कपिल मिश्रा को टिकट मिला था।

# मैं जनरल वीके सिंह मिजोरम के राज्यपाल की शपथ लेता हूं...

## शपथ ग्रहण का हिस्सा बने कई प्रमुख चेहरे, गाजियाबाद से भी दर्ज कराई कई चेहरों ने उपस्थिति









गाजियाबाद, करंट क्राइम। सेना से राजनीति और केन्द्रीय मंत्री से अब महामहिम यानी गर्वनर वाला सफर जनरल वीके सिंह ने शुरू किया। जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से लोकसभा सांसद रहे हैं। वो पहली बार वर्ष 2014 में गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव लड़े और बम्पर वोटों से चुनाव जीते। उनके सामने लड़े सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। इसके बाद वो वर्ष 2019 में गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव लड़े। वो पहले ऐसे लोकसभा सांसद थे जिन्होंने अपने कराये कार्यों की एक किताब प्रकाशित करायी। सबको बताया कि उन्होंने अपनी लोकसभा में क्या विकास कराया और किसका इलाज कराया। तीसरी बार वो चुनाव नहीं लड़े और लगभग 6 महीने के इंतजार के बाद उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया।

जनरल वीके सिंह के कैरियर की ये सबसे शानदार पारी शुरू हुई। मिजोरम के राज्यपाल के रूप में जनरल वीके सिंह ने गुरूवार को शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह आईजोल स्थित राजभवन में आयोजित किया गया। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आये गणमान्य व्यक्ति, वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे। भारतीय सेना के प्रमुख रहे और केन्द्रीय मंत्री रहे जनरल वीके सिंह ने राज्यपाल पद की और गोपनीयता की शपथ ली। गुहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें शपथ ग्रहण करायी। जनरल वीके सिंह ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 159 के अनुसार संविधान की रक्षा, संरक्षण, कर्तव्य, ईमानदारी और निष्ठा की शपथ ली। जनरल वीके सिंह के गर्वनर पदभार ग्रहण करने के बाद उनके सम्मान में मिजोरम पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड-ऑफ-ऑनर प्रस्तुत किया।

जनरल वीके सिंह इसी के साथ अपने सम्मानित और अनुभवी कैरियर की एक नए अध्याय की शुरूआत की। उनकी नियुक्ति को राज्य के लोगों द्वारा गर्मजोशी और उम्मीदों के साथ स्वागत किया गया।

### सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल सहित कई पहुंचे मिजोरम



करंट क्राइम। जब मिजोरम के गर्वनर के रूप में जनरल वीके सिंह ने शपथ ली तो इस शपथ ग्रहण समारोह में गाजियाबाद से भी कई लोग पहुंचे। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल पहुंचे। इसके अलावा जनरल वीके सिंह की सुपुत्री मृणालिनी सिंह, बिग्रेडियर संग्राम सिंह, सुश्री योगजा सिंह, श्रीमती रीता सिंह, अरूण चौहान, अरिदमन सिंह, जसदीप सिंह, संजय अग्रवाल पहुंचे। यहां पहुंचने वालों में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व विधायक रूप चौधरी भी शामिल रहे। इसके अलावा संदीप चौहान, सुनील अरोड़ा, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष पूनम कौशिक, भावना धमीचा, रोहित सिंह भी पहुंचे। जनरल वीके सिंह के शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा, वरिष्ठ पत्रकार अशोक ओझा, शक्ति सिंह, अनुज चौधरी पहुंचे। मिजोरम में शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचने वालों के भाजपा के अजीत तोमर, निशांत सिसौदिया, शिवांशु त्यागी, हिमांशु त्यागी, महेश त्यागी, रोहित भारद्वाज, हर्ष चौहान, हरिनाथ सिंह, अश्वनी यादव, सुनील, केडी त्यागी, वीरेन्द्र प्रताप सिंह त्यागी उपस्थित रहे।







## जारी रह सकती है विजय नगर जैसी कड़ी कार्रवाई

# 26 जनवरी के मद्देनजर झुग्गियों और अवैध कॉलोनी में चलेगा अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों नगर निगम और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए विजयनगर इलाके में सेना की बड़ी जमीन से कब्जा हटाने का काम किया था। साथ ही यहां अवैध रूप से रह रहे लोगों के बारे में जानकारी जुटा गई है और रिपोर्ट भी तैयार की गई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि 26 जनवरी के मद्देनजर शहर, नदियापार और देहात के कई ऐसे इलाके हैं, जहां बड़ी संख्या में अवैध झुग्गियां डालकर लोग रह रहे हैं। ऐसे लोगों का ना तो पुलिस वेरिफिकेशन है और ना इन इलाकों में क्या गतिविधियां चल रही हैं, इसकी पुलिस को जानकारी मिल पाती है। ऐसे में जल्द ही पुलिस कई इलाकों पर खुद ही कार्रवाई वाला मोड अपना सकती है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में सिटी और ट्रांस हिंडन जोन के साथ ही देहात जोन में भी पुलिस इस तरीके की कार्रवाई करेगी।

### अवैध कॉलोनियों और झुग्गी-झोपड़ी पर भी नजर

**करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस आने वाला है और गणतंत्र दिवस को लेकर दिल्ली-एनसीआर सहित देशभर के अलग अलग इलाकों में अलर्ट रहेगा। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद भी सुरक्षा के लिहाज से ऐसे इलाकों को चिन्हित करने का काम करेगी जहां अवैध झुग्गी-झोपड़ी हैं। साथ ही यहां रहने वाले लोगों का पुलिस के पास कोई रिकॉर्ड भी नहीं है। बताया जा रहा है कि नगर निगम और जीडीए के साथ मिलकर जल्द ही कई अन्य इलाकों में पुलिस खुद भी ऐसे इलाकों में कार्रवाई कर सकती है, जहां सरकारी जमीनों पर लोगों के द्वारा उसपर अवैध रूप से लंबे समय से इस तरीके की गतिविधियां चल रही हैं। इसपर भी पुलिस की नजरें रहेंगी।

### विजयनगर कार्रवाई में रही पुलिस की बड़ी भूमिका

करंट क्राइम : विजय नगर थानाक्षेत्र में सरकारी जमीन को खाली करने के मामले में पुलिस की बड़ी भूमिका रही है। बड़ी संख्या में पुलिस बल का इस्तेमाल किया गया, तो यहां कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की समस्या भी अधिकारियों द्वारा उत्पन्न नहीं होने दी गई। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से गाजियाबाद पुलिस द्वारा बड़ा एक्शन लिया गया, इसकी चर्चा दिल्ली और लखनऊ में है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा किए गए इस कार्रवाई की सराहना भी हो रही है। हालांकि सोशल मीडिया और राजनीतिक दल कार्रवाई को लेकर गरीबों के हक और उनकी आवाज को बुलंद करने का काम कर रहे हैं।

## लूटपाट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

### - वैशाली में चेकिंग के दौरान दबोचे गए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कौशांबी पुलिस ने गुरुवार की रात चेकिंग के दौरान मुठभेड़ कर दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरा केतन और आफताब उर्फ लुकमान दोनों के पास से पुलिस ने दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, लूट की घटना के रुपए और मोटरसाइकिल बरामद की है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया कि कौशांबी पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस पर फायरिंग की और पुलिस ने भुठभेड़ के बाद एलिवेटेड रोड वैशाली सेक्टर 2-5 की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी केतन पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें एनसीआर में चैन, मोबाइल, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने का मामला है। तो वहीं आफताब पर भी डेढ़ दर्जन मुकदमे गंभीर अपराध के दर्ज हैं।

### ट्रांस हिंडन में करते थे लूटपाट

करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन जोन के अंतगर्त कौशांबी पुलिस ने कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए केतन और अफताब उर्फ लुकमान दोनों दिल्ली-एनसीआर और ट्रांस हिंडन क्षेत्र में लूटपाट किया करते थे। इनकी कई वारदातों के पुलिस को फुटेज भी मिले हैं। जिसके बाद पुलिस टीम उनकी तलाश कर रही थ,ी चेकिंग के दौरान भगाने का प्रयास किया, तो पुलिस ने पैर में गोली मारकर आरोपियों को दबोचा है।

# सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों पर पुलिस कमिश्नरेट की बड़ी कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत आने वाले सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में सार्वजनिक स्थानों पर शाम होते ही जाम छलकाने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार की रात भी पुलिस ने अलग-अलग थानाक्षेत्रों में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक रात में चलाए गए अभियान में 515 लोगों पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और माहौल खराब करने को लेकर सभी लोगों को हिरासत में लिया। उनका मेडिकल कराया गया और फिर वैधानिक कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि ट्रांस हिंडन जोन में जहां 140 लोगों को पुलिस ने अभियान के तहत दबोचने का काम किया गया है। तो देहात में यह आंकड़ा 181 और सिटी जोन में 194 कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने कहा है कि पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर जनपद के सभी थानाक्षेत्रों और चौकियों के एरिया में यह अभियान चलाया गया। जिसमें थाना प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को ड्यूटी पर लगाया गया था।

## तीन जोन में 515 लोगों को पुलिस ने पहुंचाया हवालात

### - ट्रांस हिंडन में 140, देहात में 181 और सिटी जोन में 194 लोगों पर पुलिस ने किया एक्शन



### इंदिरापुरम, मुरादनगर, मसूरी और नंदग्राम में दिखा कार्रवाई का ज्यादा असर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत ट्रांस हिंडन जोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में हुई जहां 34 लोगों को पुलिस ने इस अभियान के तहत हिरासत में लिया। तो वहीं देहात जोन के अंतर्गत मुरादनगर और मसूरी थानाक्षेत्र में 27 लोग पुलिस की कार्रवाई का शिकार हुए। साथ ही सिटी जोन में नंदग्राम पुलिस ने सर्वाधिक लोगों को हिरासत में लिया, यह संख्या 65 दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।



### सोशल मीडिया पर मिली शिकायत के बाद हुई कार्रवाई





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लगातार पुलिस को ट्विटर हैंडल और सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों और खास इलाकों में शाम होते ही सड़क के किनारे जाम छलकाने वालों की शिकायती मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस के अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान कमिश्नरेट के तीनों जोन और सभी सर्किल में प्रभावी बना दिया गया है। वहीं इसको आने वाले दिनों में अन्य स्थानों पर भी चलाया जाएगा।




# महाकुंभ : अब तक 7 करोड़ लोगों ने किया स्नान

## गुरुवार 12 बजे तक 10 लाख ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज। प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम में 6 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। माना जा रहा है कि तीसरे शाही स्नान पर 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर 3.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई थी। दस देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में स्नान करने के लिए पहुंचा। इससे पहले विदेशी दल ने रात्रि में अखाड़ों के संतो के दर्शन भी किए। महाकुम्भ में 16 जनवरी से 24 फरवरी तक 'संस्कृति का महाकुम्भ'होगा। मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें देश के नामचीन कलाकार भारतीय संस्कृति का प्रवाह करेंगे। कुंभ को लेकर काफी उत्सुक हैं मुस्लिम देश, इंटरनेट पर सबसे ज्यादा सर्च कर रहे पाकिस्तानी।

## कुंभ को लेकर काफी उत्सुक हैं मुस्लिम देश, इंटरनेट पर सबसे ज्यादा सर्च कर रहे पाकिस्तानी

**स्वामी चिदानंद सरस्वती ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं की सराहना की**

**महाकुंभ नगर में दस देशों का 21 सदस्यीय दल पहुंचा संगम**

**मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे महाकुंभ में भाग लेने का अवसर मिला : गायक शंकर महादेवन**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 10 फरवरी को आएंगी महाकुंभ यात्रा पर**

**विदेशियों को भी बहुत आकर्षित कर रहा है महाकुंभ मेला**

**प्रयागराज।** परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से खास बातचीत में महाकुंभ की व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की गई। उन्होंने सनातन बोर्ड के गठन की वकालत की और वक्फ बोर्ड पर भी हमला बोला। अखिलेश यादव द्वारा कुंभ की व्यवस्थाओं पर उठाए गए सवालों और मुलायम सिंह की मूर्ति लगाने को लेकर कटाक्ष किया। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी की प्रशंसा की और कहा कि देश की बात करनी चाहिए, न कि एक पक्ष की। महाकुंभ नगर में विदेशी पर्यटकों का तांता लग गया है। दस देशों से आए 21 सदस्यीय दल ने संगम पहुंचकर धार्मिक आस्था का अनुभव किया। पर्यटन विभाग ने इस दल का गर्मजोशी से स्वागत किया। टेंट सिटी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विदेशी मेहमानों को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।रात्रि के समय विदेशी दल ने अखाड़ों के संतो के दर्शन किए और उनकी धार्मिक शिक्षाओं को समझने का प्रयास किया। आज सुबह यह दल त्रिवेणी की पावन जलधारा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए तैयार है। इस आयोजन ने महाकुंभ के वैश्विक महत्त्व को और भी बढ़ा दिया है।

**महाकुंभ पर एनडीआरएफ प्रमुख का बयान :** एनडीआरएफ के




महानिदेशक पीयूष आनंद ने कहा कि हम पूरी तरह तैयार हैं। हमारी 20 टीमें तैनात हैं। अब तक मकर संक्रांति पर करीब 3 करोड़ लोगों ने पवित्र स्नान किया है। हम उम्मीद करते हैं कि मौनी अमावस्या पर और अधिक लोग आएंगे। किसी भी घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया देंगे और जानमाल का नुकसान नहीं होने देंगे।

**महाकुंभ 2025 पर बोले गायक शंकर महादेवन :** शंकर महादेवन ने कहा कि मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे महाकुंभ में भाग लेने का अवसर मिला। आज दोपहर 2:30 बजे मेरा कार्यक्रम है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे 144 वर्षों बाद आए इस महाकुंभ में गाने का मौका मिल रहा है।

**प्रयागराज जाएंगे मुख्य सचिव और डीजीपी :** मुख्य सचिव मनोज सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार प्रयागराज के दौरे पर जाएंगे। दोनों अधिकारी महाकुंभ 2025 की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। थोड़ी देर में दोनों अधिकारी प्रयागराज पहुंचेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 10 फरवरी को संगमनगरी महाकुंभ में आएंगी। इसको लेकर महाकुंभ मेला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

**12 बजे तक 10 लाख ने लगाई आस्था की डुबकी :** महाकुम्भ में आज 12 बजे तक 10 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान 12 जनवरी से लेकर आज तक 7 करोड़ से अधिक पूज्य संतों, श्रद्धालुओं और कल्पवासियों ने किया स्नान स्नान के दौरान महाकुम्भ में चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था महाकुम्भ में बिना किसी अव्यवस्था के लोगों ने किया स्नान। महाकुंभ विदेशियों को आकर्षित कर रहा है। बुधवार रात 10 देशों के 21 मेहमान प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे। एयरपोर्ट से इन्हें अरैल स्थित टेंट सिटी लाया गया। जहां से थोड़ी देर बाद ये सभी अखाड़ा मार्ग पहुंचे।



# मोदी सरकार का कर्मचारियों को तोहफा आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** नए साल में केंद्र सरकार ने लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का एलान कर दिया। गठन के बाद आयोग की रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनधारकों के पेंशन में इजाफा होगा। लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ से अधिक होगी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का फैसला लिया गया। 7वें वेतन आयोग का गठन 2016 में किया गया था और इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। वैष्णव ने आगे कहा कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

**एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनधारकों को मिलेगा लाभ :** सरकार के इस कदम का इंतजार एक करोड़ से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को था। ये अपने मूल वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों को





संशोधित करने में मदद के लिए आयोग के गठन की आस लगाए थे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा करते हुए कहा कि आयोग का गठन 2026 तक हो जाएगा। उन्होंने आगे दोहराया कि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहले ही लागू की जा चुकी हैं।

सरकार बाद में सदस्यों सहित आयोग के अन्य विवरणों के बारे में जानकारी देगी। सातवें वेतन आयोग ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन ढांचे, भत्तों और पेंशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए है। जिससे वेतन समानता सुनिश्चित हुई और सक्रिय कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों दोनों को लाभ हुआ। इसके बाद अब 8वें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन होने वाला है।

**आठवां वेतन आयोग कब से होगा प्रभावी? :** परंपरागत रूप से, केंद्रीय वेतन आयोग का गठन हर 10 साल में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतनमान, भत्ते और लाभों में बदलाव की समीक्षा और सिफारिश करने के लिए किया जाता है। यह आयोग महंगाई और आर्थिक स्थितियों जैसे कारकों को ध्यान में रखकर फैसला लेता है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ओर से से गठित 28 फरवरी, 2014 को गठित 7वें वेतन आयोग ने 19 नवंबर, 2015 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसकी सिफारिशें 1 जनवरी, 2016 से लागू की गईं।

# घर में घुसकर सैफ अली खान पर चाकू से हमला ऑपरेशन के बाद खतरे से बाहर बॉलीवुड अभिनेता



### सैफ को गर्दन और रीढ़ की हड्डी के पास आईं गंभीर चोटें, हाउस हेल्पर को भी चोर ने घोंपा चाकू

सैफ को कई चोटें आईं, जिसमें गर्दन पर 10 सेमी का घाव और रीढ़ के पास गहरे घाव शामिल हैं। फिलहाल उनका लीलावती अस्पताल में इलाज चल रहा है और बताया जा रहा है कि वह खतरे से बाहर हैं। चोर ने सबसे पहले सैफ की हाउस हेल्पर से हाथापाई की और जब सैफ ने बीच-बचाव किया तो उन्होंने अभिनेता पर हमला किया। टाइम्स नाउ के अनुसार, चोर ने पहले सैफ की हाउस हेल्पर से भिड़कर उसे चाकू मार दिया। जब सैफ ने बीच-बचाव करके स्थिति को शांत करने की कोशिश की, तो चोर ने तुरंत अभिनेता पर ही हमला कर दिया। इस हाथापाई के दौरान सैफ घायल हो गए। चोरों ने उन पर कई बार धारदार हथियार से हमला किया। यह हमला सतगुरु शरण बिल्डिंग में हुआ, जहां सैफ अपनी अभिनेत्री पत्नी करीना कपूर खान और बेटों तैमूर और जेह के साथ रहते हैं। पुलिस ने सैफ की नौकरानी का बयान दर्ज कर लिया है।

**; मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर बुधवार देर रात उनके ही घर में चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। खबरों की मानें तो सैफ का ऑपरेशन हो गया है। कॉस्मैटिक सर्जरी भी हो रही है। ऑपरेशन में सैफ के घाव से तीन इंच की नुकीली चीज भी निकाली गई है। खबरों की मानें तो स्क्वायड डॉग को सैफ अली खान के अपॉर्टमेंट में जांच के लिए लाया गया है।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात शख्स सैफ के घर में घुसा। दोनों के बीच हाथापाई हुई। घटना के समय अभिनेता के कुछ पारिवार के अन्य सदस्य भी घर में मौजूद थे। कहा यह भी जा रहा है कि घर में घुसे शख्स की नौकरानी से बहस हुई। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर व्यक्ति को समझाने और शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ अली खान पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद बांद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। करीना की टीम ने कहा है कि घर में सब ठीक हैं। पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात को अभिनेता के बांद्रा स्थित घर पर हुई। हमले के दौरान सैफ के हाथ, रीढ़ की हड्डी और गर्दन पर घाव आए हैं। अस्पताल में सैफ अली खान का अस्पताल में ऑपरेशन चल रहा है। उनकी पत्नी करीना कपूर खान भी उनसे मिलने सुबह 4.30 बजे अस्पताल पहुंची हैं।

पुलिस के मुताबिक, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर घर में घुसे चोरों ने चाकू से हमला कर दिया है। उन्हें मुंबई के अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बांद्रा के डीसीपी ने कहा, ये सच है, रात 2.30 बजे सैफ अली खान के घर में अनजान शख्स घुसा। इस दौरान सैफ अली खान पर चोर ने चाकू से हमला कर दिया। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, ये चोटें उतनी गंभीर नहीं हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुविक्कल असलम पुत्र आसक अली निवासी ग्राम नाहल निकट मौम्मदी मस्जिद थाना मसूरी जिला गाजियाबाद उ०प्र० के है। मेरे मुवक्किल विवाह श्रीमति खुर्शीदा पुत्री युसफ से पूर्व मे हुआ था। मेरे मुवक्किल व उसकी पत्नी के वैवाहिक सम्बन्धो से 4 पुत्र 1- अकरम, 2- अनस, 3- आसिब 4- अयान का हुआ। मेरे मुवक्किल ने अपने बडे पुत्र अकरम का निकाह चांदनी से कर दिया। मेरे मुवक्किल की पत्नी श्रीमति खुर्शीदा व समस्त पुत्र व पुत्रवधु प्रार्थी के साले शकील पुत्र युसुफ निवासी- बाबू की चौपाल की मैन गली निकट बारात घर डासना थाना मसूरी जिला गाजियाबाद के जेरे असर मे है तथा अपनी हरकतो से बाज आने के लिए तैयार नही है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने उक्त सभी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर समस्त प्रकार के रिश्तेनाते समाप्त कर लिये है। मेरे मुवक्किल का उक्त प्रार्थना पत्र स्वीकार :५ करते हुए प्रकाशन किये जाने की कृपा करें। भवदीय श्याम वर्मा एडवोकेट चै०न०- 38 सिविल कोर्ट राजनगर गाजियाबाद।

**NAME CHANGED**

I have changed my name from Udisha Singh to Udisha Vikram Singh. I will be know as the name of Udisha Vikram Singh. In all future purpose.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुविक्कलगण 1- राम प्रवेश पुत्र श्री हरीनाथ सिंह 2- रेशमी देवी पत्नी राम प्रवेश निवासीगण - म०नं0-24 गली नं०-5 ओम नगर मोहननगर थाना साहिबाबाद जिला गाजियाबाद के हैं। मेरे मुविक्कल सं०-1 राम प्रवेश के भाई स्व० गोदन गबूदन सिंह का पुत्र मनोज का विवाह वर्ष 2015-2016 में प्रतिमा सिंह से हुआ था उक्त दोनों विवाह के उपरान्त से वसुन्धरा गाजियाबाद में अपने हाल पते पर निवास कर रहे हैं उक्त दोनों का गलत चाल चलन है तथा गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ उठते-बैठते हैं। उक्त दोनों के उपरोक्त कृत्य से प्रार्थीगण व उसके परिवार के सदस्यों की छवि धूमिल हो रही है जिस कारण मेरे मुवक्किलगण मनोज व उसकी पत्नी प्रतिमा सिंह व उनके परिवार के सदस्यों से अपने समस्त प्रकार के रिश्तेनाते सम्बन्ध समाप्त कर उक्त दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करते हैं भविष्य में वह अपने द्वारा किये गये उपरोक्त कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। भवदीय श्याम वर्मा एडवोकेट चै०नं०- 38, सिविल कोर्ट, राजनगर, गाजियाबाद।

# 12 हजार साल पुरानी जलधारा मिली गंगा-यमुना से कनेक्टिविटी पर शोध

**प्रयागराज।** साल 2018 से सरस्वती नदी की खोज का काम अंतिम चरण में है। राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) हैदराबाद के वैज्ञानिकों के निर्देशन में प्रयागराज, कौशाम्बी, कुंडा, फतेहपुर होते हुए कानपुर तक ड्रिलिंग के माध्यम से जो जलधारा के नमूने लिए गए, उनकी उम्र 12000 साल से भी पुरानी होने का अनुमान है। एनजीआरआई हैदराबाद व डेनमार्क के वैज्ञानिकों ने वर्ष 2018 में फरवरी से मार्च के बीच विलुप्त सरस्वती की खोज संगम (प्रयागराज) से शुरू की थी। हेलिकॉप्टर के नीचे लगे हेलिबोन ट्रांजिएंट इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिस्टम से प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर व कानपुर के बिल्हौर तक जमीन के भीतर सर्वे किया था।

वहीं, केंद्रीय भू जल बोर्ड (सीजीडब्लयूबी) के वैज्ञानिकों की यूनिट ने मार्च-2020 से प्रयागराज के



बमरौली, कौशाम्बी के सेंवथा, इछना, म्योहर समेत दो दर्जन स्थानों से आगे फतेहपुर और कानपुर के बिल्हौर व गजनेर तक 100 से 150 मीटर गहराई में बोरवेल ड्रिलिंग की।

इस दौरान जमीन के भीतर मिले सेडिमेंट कोर (कीचड़, कंकड़, रेत और पानी) के नमूने कार्बन डेटिंग के लिए एकत्रित किए गए। एनजीआरआई के वैज्ञानिक डॉ. सुभाष चंद्रा ने बताया कि ड्रिलिंग में मिले पानी की उम्र का पता लगाने संबंधी शोध अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने एनजीआरआई हैदराबाद में हुए रिसर्च को सार्वजनिक (पब्लिक डोमेन में लाने) करने से मना किया। सिर्फ इतना बताया कि ड्रिलिंग में अलग-अलग जगहों की जलधारा की उम्र 12 हजार साल से अधिक हो सकती है। वैज्ञानिकों के लाइव प्रतिरोधकता मैप परिक्षेत्र के अब तक के अध्ययन में नदी की सहायक शाखा

# दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड, रात भर हुई रुक-रुक कर झमाझम बारिश, कोहरे से लेट हुईं 29 ट्रेनें

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रात भर से रुक-रुककर बारिश हो रही है। बादल गरज रहे हैं और रह-रहकर बिजली भी कड़क रही है। इससे ठंडक का अहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग ने एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण बुधवार रात से हल्की बारिश की भविष्यवाणी की थी। कल से हो रही बारिश का सिलसिला जारी है।



### कोहरे से ट्रेनें लेट

राष्ट्रीय राजधानी और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे की स्थिति के कारण दिल्ली जाने वाली 29 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। उत्तर भारत में सर्दी के और बढ़ने के बीच दिल्ली के कुछ हिस्सों में ताजा बारिश होने के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला।

मौसम विभाग ने तीन दिन के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

16 जनवरी से 18 जनवरी तक अधिकतम तापमान 17 से 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7-8 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। वहीं 21 जनवरी से फिर से एक बार बारिश की भविष्यवाणी की गई है। इस दौरान तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रह सकता है।

### ठंड और कोहरे का असर

दिल्ली-एनसीआर में ठंड के साथ-साथ अब कोहरे ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार को भी सुबह जब लोग उठे तो हर तरफ कोहरा ही कोहरा था। दिल्ली समेत पूरा एनसीआर दोपहर 11 बजे तक घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। आलम यह रहा कि कोहरे के कारण आसपास के घर भी दिखाई नहीं दे रहे थे। इसका असर हवाई उड़ानों, ट्रेनों और यातायात पर भी पड़ा। कोहरे का असर यह रहा कि सुबह 8:30 बजे अधिकतर इलाकों में दृश्यता शून्य रह गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## लाईन पार की अवैध झुग्गियों को लेकर विपक्ष आ गया मैदान में

# कांग्रेस नेता पहुंचे झुग्गी वालों के बीच तो सपा नेता ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजय नगर लाईन पार क्षेत्र में चांदमारी की जमीन पर पिछले कई वर्षों से बनी अवैध झुग्गियों का मामला शहर विधायक बनते ही संजीव शर्मा ने उठाया था। उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को पत्र लिखा और उन्हें अवगत कराया कि इन झुग्गियों ने अराजक तत्व रहते हैं। इसके बाद संजीव शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग के साथ दिल्ली में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन्हें एक लैटर सौंपा और पूरा मैटर बताते हुए कहा कि ये जमीन सेना की है और इस जमीन पर अवैध रूप से झुग्गियां बनाई गई हैं। इस बात की आशंका जताई गई कि इन झुग्गियों में अराजक तत्व रहते हैं। पत्र में बताया गया कि विजय नगर की एक बड़ी आबादी इन झुग्गियों की वजह से परेशान है। लंबे समय से सेना की जमीन पर कब्जा हो रहा है। रक्षामंत्री से हुई इस मुलाकात का असर हुआ और सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस बल पहुंचा और इन अवैध झुग्गियों पर बुल्डोजर चला। पहले दिन से ही जिस बात की आशंका जताई जा रही थी वो आशंका अब सही साबित हो रही है। विपक्ष इन झुग्गियों के तोड़े जाने को मुद्दा बना रहा है। कांग्रेस के नेता इन झुग्गी वालों के बीच पहुंचे और उन लोगों से मिले जिनकी झुग्गियां इस अभियान में टूटी हैं। वहीं सपा के महानगर अध्यक्ष ने भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और तुलसीदास के दोहे के साथ अपनी बात रखी। अब ये माना जा रहा है कि सीन में आम आदमी पार्टी की भी एन्ट्री हो सकती है। ये मामला धीरे धीरे सियासी रंग लेगा और यहां अन्य दलों के बड़े सियासी नेता आ सकते हैं।

### पहले इनके अस्थायी रहने की व्यवस्था होनी चाहिए थी : विजय चौधरी



**करंट क्राइम।** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने पार्टी के महानगर कार्यालय में सेना की जमीन पर चलाये गये अभियान का विरोध करते हुए सेना की जमीन पर गलत तरीके से झुग्गी-झोपड़ी हटाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन से कब्जा हटना सही बात है लेकिन सरकारी जमीन पर उनके आधार कार्ड, वोटर कार्ड कौन सी सरकार में कब और कैसे बने, इसकी जांच हो। जब इन लोगों को इस जमीन पर आधार और राशन का अधिकार दिया गया तो वहां उन्हें खाली करने से पहले उनकी अस्थायी रूप से रहने की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। खाने की व्यवस्था, दवाई की व्यवस्था सरकार और प्रशासन को करनी चाहिए थी। विजय चौधरी ने कहा कि जिस 7 साल की बच्ची की मौत ठंड के कारण हुई है उसका भी पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी झुग्गी बस्ती में एक मां ने एक बच्ची को जन्म दिया, जिसकी मां की हालत आज खतरे में बतायी गई है। महानगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस के नेता डॉ संजीव शर्मा, विजय पाल चौधरी, बलराज सिंह चावड़ा, जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, नरेन्द्र चौधरी, पार्षद अजय शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, हाजी खुर्शीद, राजा राम भारती, मीर सिंह जाटव, बाबूराम शर्मा आदि विजय नगर की ध्वस्त की गई झुग्गी बस्ती में पहुंचे और पीड़ितों से मिले।

### सपा अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री से कहा आप मुख्यमंत्री नहीं एक संत ह्रदय भी हैं



**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। उन्होंने अपने पत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संत बताते हुए कहा कि आप उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ही नहीं अपितु एक संत ह्रदय भी हो। वीरेन्द्र यादव ने संत तुलसीदास की पंक्तियों को उद्वत करते हुए संत ह्रदय नवनती समाना, उन्होंने कहा कि संत ह्रदय दूसरों के दुख और पीड़ा से करूणामय हो, द्रवित हो जाते हैं। आज इन झुग्गी वासियों को इस कड़ाके की ठंड में अपने जान-माल की सुरक्षा और जीवन की रक्षा खुले आसमान में करनी है। जबकि प्रशासन और जनप्रतिनिधि उदासीन तथा संवेदन शून्य बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में है और माना कि रक्षा मंत्रालय की भूमि है लेकिन इन्हें जाड़े के दिनों के लिए मोहलत तो देनी ही चाहिए थी। इस कड़ाके की ठंड में ये झुग्गी वासी अपने जान माल की सुरक्षा और जीवन की रक्षा खुले आसमान में कर रहे हैं। जबकि प्रशासन और जनप्रतिनिधि उदासीन तथा संवेदन शून्य बने हुए हैं। सपा महानगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि वैसे तो अब उनका सबकुछ लुट चुका, मगर मुख्यमंत्री ही उनके लिए आशा की किरण है। हम और गाजियाबाद की संवेदनशील जनता आपसे मांग करती है कि इन असहाय और साधनहीन लोगों की मदद करने का निर्देश जिला प्रशासन को दें। जिससे कि यह लोग इस हाड़-तोड़ ठंड से अपने और अपने परिवार को बचा सकें।

## थाना कवि नगर में पोस्टिंग वालों के जुड़ रहे हैं कमिश्नरेट में लगातार चार्ज वाले तार

### अबतक पांच संभाल चुके हैं थानों का प्रभार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सिटी जोन के कवि नगर थाने की पोस्टिंग का लिंक कई पुलिस कर्मियों के लिए महत्वपूर्ण रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा शुरू हो गई है कि कवि नगर थाने की पोस्टिंग चार्ज वाला लिंक बना देती है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते लगभग सवा दो साल के दौरान कवि नगर थाने से जुड़े निरीक्षक क्राइम, वरिष्ठ उपनिरीक्षक और उपनिरीक्षक का लिंक काम आया और वह थाने की कमान संभाल चुके हैं। वहीं बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जो लिस्ट आई उसमें थानाध्यक्ष अंकुर विहार का लिंक भी कवि नगर थाना से जुड़ गया है। बुधवार की रात आई तबादला लिस्ट में थाने के उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह कंबोज को अंकुर विहार थाने का प्रभार दिया गया है। जिसके बाद यह चर्चा पुलिस कमिश्नरेट में शुरु हो गई है।

### कवि नगर थाने से इनका रहा है लिंक

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कवि नगर थाना सिटी जोन का सबसे महत्वपूर्ण और टेंशन वाला थाना माना जाता है। यहां पर अधिकारियों की सीधी अटेंशन रहती है और उसी का फायदा यहां पर बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों को इसका इनाम थाने की पोस्टिंग के रूप में मिलता है। यह हम नहीं पिछले सवा दो साल का कमिश्नरेट वाला रिकार्ड बताता है कि यहां करीब पौने दो साल पहले इंस्पेक्टर क्राइम उमेश नैथानी थे, उन्होंने कचहरी में तेंदुए निकलने के मामले में लोगों की जान बचाई थी। अपनी बेस्ट पुलिसिंग दी तो उनको क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने का प्रभार दिया गया था। वहीं इसी थाने में महिला उपनिरीक्षक तरुणा सिंह द्वारा गुड वर्किंग का नमूना पेश किया गया। कई टूटे परिवार जुड़ाव तो महिलाओं के लिए न्याय दिलाने में आगे रहीं, तो उनको भी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में ह्यूमन ट्रैकिंग सेल का प्रभार दिया गया था। इसके बाद यहां कुछ समय के लिए निरीक्षक रहे भानु प्रताप का भी लिंक रहा था और यहां के बाद वह कुछ दिन नंदग्राम और उसके बाद सीधे मोदीनगर थाने के प्रभार पर गए थे। इसके बाद बीते दिनों गोविंदपुरम चौकी प्रभारी करतार सिंह को वेस्ट वर्किंग के बाद टीलामोड थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया। वहीं उनके बाद इंस्पेक्टर साइबर क्राइम की विवेचना करने वाले सचिन कुमार को सिहानी गेट थाने की जिम्मेदारी दी गई थी। तो अब बुधवार की रात आई तबादले वाली लिस्ट में थाने के उप निरीक्षक रविंद्र सिंह कंबोज को अंकुर विहार थाने का प्रभार दिया गया है। जिसकी चर्चा पुलिस कमिश्नरेट में चल रही है।

### चार थानों के प्रभारी बदले गए



**करंट क्राइम :** बुधवार की रात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तबादला लिस्ट रवाना की गई। इसमें पुलिस लाइन से निरीक्षक बृजेश कुमार को थाना प्रभारी शालीमार गार्डन बनाया गया है। तो शालीमार गार्डन पर तैनात नरेंद्र कुमार अंदर ट्रांसफर थे, तो वहीं थाना प्रभारी प्रवीण सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना लोनी से ग्रामीण जोन हटाया गया है। बताया जा रहा है बीते दिनों देहात के प्रकरण में इनका मामला खराब हुआ था। तो वहीं वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कवि नगर रविंद्र सिंह कंबोज को थानाध्यक्ष अंकुर विहार बनाया गया है। वहीं चौकी प्रभारी रेलवे रोड थाना लिंक रोड अमित शर्मा को थानाध्यक्ष भोजपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# तो क्या आज महानगर अध्यक्ष वाली लिस्ट में रह जायेगा सिंगल नाम का सीन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष बनने का सीन गाजियाबाद की भाजपा में रोचक होता जा रहा है। अध्यक्ष वाली कुर्सी का फैसला गाजियाबाद में होना है और डेरे लखनऊ में डल रहे हैं और फेरे दिल्ली से लेकर मेरठ के लगाए जा रहे हैं। एक बड़ी लिस्ट यहां पर शॉर्ट लिस्ट हुई है। एक, दो या तीन बल्कि सीन पूरे 60 नामों के साफ होने का हुआ है। जो आदतन दावेदारी करते हैं और आदतन अपना बायोडाटा दे आये थे। जो अध्यक्ष वाली बेला में दावेदारी की मेला में आवेदन कर आये थे वो सभी आवेदन आदतन रिजैक्ट हो गये। जब समीकरण साधने की बेला आई तो नाम केवल 10 रह गये। इसके बाद सांसद, विधायक अलग-अलग मोड में आ गये। एमएलसी और मेयर अपने-अपने तीन नामों की केयर करने लगे। पर्चियां अलग-अलग बनी और अर्जियां भी अलग-अलग लगीं। लिस्ट लखनऊ पहुंची और फिर पता चला कि फैसला तो दिल्ली वाले करेंगे। अब दिल्ली लखनऊ वाले रूट में मेरठ आ गया और सुना है कि यहां से भी नामों पर मुहर लगनी है। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ से लिस्ट मेरठ आ रही है और अब सीन में केवल तीन दावेदार रह गये हैं। सूत्रों की मानें तो एक ओबीसी चेहरा, एक वैश्य चेहरा और एक त्यागी चेहरा मैदान में रह गया है। आज जब ये लिस्ट क्षेत्रीय कार्यालय आयेगी तो इस लिस्ट में केवल एक नाम रह जायेगा। सूत्र बताते हैं कि तीन नाम सौंपने के बाद इनमें से एक नाम ही चुना जाना है।

## ओबीसी-वैश्य-त्यागी चेहरों के बीच शुरू हो गई है अब रोचक जंग

### फूल वाले जनप्रतिनिधि का नाम लगा कांटा और इस तरह से फिर नाम छांटा

**करंट क्राइम।** एक बड़ा कमाल इस कहानी में ये हुआ है कि संगठन वालों की हिमायत में सरकार वाले उलझ गये। जिस एकता की दुहाई लोकसभा चुनाव से पहले दी जा रही थी वो एकता पहले शहर वाले उपचुनाव में बाधित हुई और फिर महानगर अध्यक्ष वाले संग्राम में तो एकता में ही दरार आ गई। जो टोला पहले अपने सारे फैसले एक साथ सामुहिक रूप से ले लेता था। जो विधायक टोला लोटे में नमक डाल कर एक जुटता कर लेता था। वो विधायक टोला एक साथी के सांसद बनने के बाद कुछ अलग ही शैली में बोला। उन्हें एक नाम पर सहमति बनानी थी और वो ये सहमति नहीं बना पाये। सबके पिटारे से अपनी अपनी पसंद के तीन नाम आये। सूत्र बताते हैं कि बड़े वैश्य जनप्रतिनिधि ने एक युवा ओबीसी चेहरे का नाम दिया था। इस नाम को लेकर भाजपा के ही बाकी जनप्रतिनिधियों ने अपोज किया। उन्हें ये नाम कांटा बनकर खटक रहा था और उन्होंने इस नाम को छांटा और यहीं से सारा गेम बदल गया। पहले दौड़ में तीन ओबीसी दावेदार थे अब केवल एक दावेदार रह जायेगा। जिस कांटे को लेकर फूल वालों की नाराजगी थी वो कांटा पहले ही बाहर हो गया है। तीन त्यागी चेहरों में से एक त्यागी चेहरे का नाम लिस्ट में रह गया है, ये त्यागी चेहरा संगठन का अनुभव रखता है। वहीं यहां पर वैश्य चेहरों को लेकर सीन तीन का भी है और सीन कन्फ्यूजन का भी है। चेहरा एक ही वैश्य है लेकिन कन्फ्यूजन ये है कि ये एक दो गोयल में से एक है या इनमें से कोई अग्रवाल भी है। लेकिन इतना कन्फर्म बताया जा रहा है कि वो एक नाम इन्हीं तीन में से एक का है।

### बिरादरी के समीकरण पर टिका है अब अध्यक्ष वाला नाम

**करंट क्राइम।** संगठन में जातीय संतुलन भी साधा जायेगा। महानगर अध्यक्ष वाली दौड़ में ठाकुर और ब्राह्मण पहले राउण्ड में ही रेस से बाहर हो गये। सूत्र बताते हैं कि ठाकुर और ब्राह्मण रेस में कभी थे ही नहीं। अब यहां मामला ओबीसी और वैश्य चेहरे के बीच आ गया है। सीन में सामान्य फैक्टर भी रहेगा। यहां पर पूरा दारोमदार जिले और शहर पर टिका है। अगर जिले में अध्यक्ष वाली गद्दी ओबीसी को मिली तो महानगर में सामान्य श्रेणी में मामला आ जायेगा। अगर महानगर में ओबीसी चेहरे को अध्यक्ष वाली कमान मिली तो जिले में फिर अध्यक्ष वाली कुर्सी पर ओबीसी आ जायेगा।

# कल्याण सिंह जी को मैं राजनीति का हीरो मानता था, जिसकी वजह से मुझे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा : बालेश्वर त्यागी



**हम कल्याण सिंह जी के व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित थे। उनमें नेताओं के सारे गुण देखते थे। हमने उनके ऊपर एक पुस्तक लिखने की योजना बनाई। हमने उसमें कल्याण सिंह जी से चर्चा की तो उन्होंने हमें हतोत्साहित किया और कभी कोई जानकारी देने में भी सहयोग नहीं किया।**

**हम जो कल्याण सिंह जी को सर्व गुण संपन्न नेता मानते हैं, ऐसे ही कई नेता अलग अलग कारणों से हमसे विपरीत मत रखते हैं। हमने तत्कालीन प्रदेश के राज्यपाल श्री सूरजभान जी से पुस्तक का विमोचन कराया। हमारे विशेष आग्रह पर कल्याण सिंह जी उस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सहमत हुए।ये 1999 की बात है। कार्यक्रम राजभवन में ही आयोजित किया था।**

**मेरे कार्य, मेरी प्रतिष्ठा और मेरी सत्यनिष्ठा को देखकर बहुत से भाजपा के कार्यकताओं को आश्चर्य होता है कि 2002 में हुए चुनावों में हारने के बाद मुझे कभी अवसर क्यों नहीं मिला?**

**ये विधि की कितनी विडंबना है कि जिस व्यक्ति के गुणों को बहुत पहले हमने एक पुस्तक रूप में प्रकाशित किया, हमें उसके लिए दंड मिला और आज पूरी भाजपा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को लेकर अभिभूत है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कल्याण सिंह जी भाजपा के प्रदेश के सर्वोच्च नेता थे। 1991 में कल्याण सिंह जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। हम भी पहली बार विधायक चुने गए और राज्य मंत्री राजस्व बनाए गए। बाद में गृह विभाग में राज्य मंत्री बने।1997 में दोबारा मुख्य मंत्री बने और हम भी मुख्य मंत्री से संबद्ध राज्य मंत्री बनाए गए। हम कल्याण सिंह जी के व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित थे। उनमें नेताओं के सारे गुण देखते थे।

हमने उनके ऊपर एक पुस्तक लिखने की योजना बनाई। हमने उसमें कल्याण सिंह जी से चर्चा की तो उन्होंने हमें हतोत्साहित किया और कभी कोई जानकारी देने में भी सहयोग नहीं किया। हमारा उनके परिवार में अच्छा परिचय था, इस कारण हम उनकी बहुत सारी जानकारी जुटाने में सफल रहे। और कल्याण सिंह व्यक्तित्व और विचार पुस्तक प्रकाशित करने में सफल रहे। उस पुस्तक के विमोचन के लिए हमने दिल्ली और लखनऊ के भाजपा नेताओं से संपर्क किया तब हमें समझ आया कि राजनीति में जो दिखता है, वह होता नहीं है।

हम जो कल्याण सिंह जी को सर्व गुण संपन्न नेता मानते हैं, ऐसे ही कई नेता अलग अलग कारणों से हमसे विपरीत मत रखते हैं। हमने तत्कालीन प्रदेश के राज्यपाल श्री सूरजभान जी से पुस्तक का विमोचन कराया। हमारे विशेष आग्रह पर कल्याण सिंह जी उस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सहमत हुए।ये 1999 की बात है। कार्यक्रम राजभवन में ही आयोजित किया था।

उस पुस्तक के लेखन के कारण भाजपा के कुछ प्रभावी नेताओं ने हमें कल्याण सिंह जी का निजी आदमी मान लिया। जबकि सच में हम भाजपा का ही निष्ठावान कार्यकर्ता थे। और कल्याण सिंह जी के भाजपा छोड़कर जाने के बाद ये हमारे आचरण से प्रमाणित हुआ। हां ये बात जरूर है कि मैं कल्याण सिंह जी को राजनीति का हीरो मानता था। उसका मुझे राजनीति में बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा। मेरे कार्य, मेरी प्रतिष्ठा और मेरी सत्यनिष्ठा को देखकर बहुत से भाजपा के कार्यकताओं को आश्चर्य होता है कि 2002 में हुए चुनावों में हारने के बाद मुझे कभी अवसर क्यों नहीं मिला? 2002 के विधान सभा चुनावों में बड़े बड़े नेताओं ने मंचों से मेरे द्वारा पहली बार 23000 शिक्षकों की पारदर्शी निष्पक्ष नियुक्तियों का उल्लेख करके प्रदेशभर में वोट मांगे। कार्यकताओं की मीटिंग में मेरे उदाहरण दिए जाते थे। मुख्य मंत्री सार्वजनिक रूप से ईमानदार मंत्री के लिए मेरा नाम लेते थे लेकिन सब व्यर्थ रहा। कोई बड़ा नेता मेरे लिए खड़ा नहीं हुआ। एक बार पटरी से उतरने के बाद दोबारा गाड़ी कभी पटरी पर नहीं चढ़ी।

खैर मैंने इसे नियति स्वीकार कर अपना समय सार्वजनिक कार्यों में लगाया। और मैं अपने सेवा कार्यों से न केवल प्रसन्न हूं बल्कि राजनैतिक काल से बेहतर मानता हूं। अब मुझे उन सबको लेकर कुछ नाराजगी नहीं है। आज भाजपा का नेतृत्व स्व. श्री कल्याण सिंह जी को एक महान नेता के रूप में याद करता है।

ये विधि की कितनी विडंबना है कि जिस व्यक्ति के गुणों को बहुत पहले हमने एक पुस्तक रूप में प्रकाशित किया, हमें उसके लिए दंड मिला और आज पूरी भाजपा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को लेकर अभिभूत है। मैं नहीं जानता कि ये नियति है या राजनीति का दस्तूर लेकिन मैने इसे नियति स्वीकार किया है।

## देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

# श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की सद्गुरु जग्गी वासुदेव से हुई भेंट

## सद्गुरु जग्गी वासुदेव जैसे महान संतों व महापुरुषों के कारण ही आज मानवता जिंदा है : श्रीमहंत नारायण गिरि



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति



**प्रयागराज, करंट क्राइम।** अध्यात्म की दुनिया में विश्व भर में अपना विशिष्ट स्थान रखने वाले योगी व दिव्य पुरुष सदगुरु जग्गी वासुदेव का गुरुवार को महाकुंभ मेले में आगमन हुआ। उनकी श्री दूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से भेंट हुई। यह भेंट श्रवण सिंह द्वारा लगाई गई टेंट सिटी में हुई।

सदगुरु जग्गी वासुदेव का श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर में भी आगमन हुआ। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया और महाराजश्री के साथ धर्म चर्चा की। उन्होंने महाराजश्री को कोयम्बटूर आने का निमंत्रण भी दिया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि सदगुरु जग्गी वासुदेव जैसे महान संतों व महापुरूषों के कारण ही आज मानवता जिंदा है और सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति व सभ्यता की पताका पूरे विश्व में फहरा रही है। उन जैसे संत से कुछ देर की मुलाकात ही आध्यात्म, धर्म, भक्ति, भारतीय संस्कृति, सभ्यता, मानवता, समानता की ऐसी अमूल्य शिक्षा दे देती है, जो जीवन भर प्रेरणा बनकर हमारा मार्गदर्शन करती रहती है।



## संपादकीय

### महाकुंभ : पवित्रता का संकल्प

सोमवार को महाकुंभ मेला आरंभ हो गया और यह अगले 45 दिन तक चलेगा। यह मेला संगठनात्मक क्षमता और सरलता की कामयाबी है। अनुमान है कि यहां 40 करोड़ लोग पहुंचेंगे जो ऐतिहासिक रूप से मनुष्यों का सबसे बड़ा जुटान होने जा रहा है। पहले दिन सुबह 9.30 बजे के पहले ही 60 लाख लोग वहां पहुंच चुके थे और उन्होंने इलाहाबाद में गंगा और यमुना के पवित्र संगम पर स्नान भी कर लिया। मंगलवार को यानी मकर संक्रांति के दिन ही इस आंकड़े के पीछे छूट जाने की पूरी संभावना है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों का प्रबंधन करना एक असाधारण चुनौती है। परंतु भारत हर बार कुंभ या महाकुंभ के अवसर पर ऐसी चुनौती से पार पाने में सफल रहता है। कुछ लोग इसे उत्सव का अवसर मानते हैं बल्कि आशावाद का। अगर राज्य बिना किसी गड़बड़ी के इतना बड़ा और वैश्विक महत्त्व का आयोजन कर लेता है तो यकीनन शासन व्यवस्था में समग्र सुधार की भी पूरी संभावना मौजूद है।

वास्तव में यह धारणा सही नहीं है। कुंभ मेला जैसे अवसरों पर सरकार की मिशन मोड में हासिल की गई कामयाबी एक व्यापक कमजोरी का लक्षण है। भारत में राज्य क्षमता हमेशा सीमित रही है। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो बाधाओं को दूर करने के लिए क्षमताओं में व्यापक विस्तार करने या राज्य कार्यकारियों को कौशल संपन्न बनाने का काम नहीं किया गया है बल्कि इसके लिए मिशन तैयार करने को प्राथमिकता दी गई। सन 1970 और 1980 के दशक में भारत में वन्य जीव संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट टाइगर और डेरी क्षेत्र के लिए ऑपरेशन फ्लड की शुरूआत की गई। इसके बाद तिलहन मिशन आया, दिल्ली मेट्रो आई जिसने खुद की एक प्रशासनिक जगह बनाई। इसके अलावा भी कई उदाहरण हमारे सामने हैं। इन सफलताओं से बहुत सीमित लक्ष्य प्राप्त हुए। परंतु उनके कारण हमेशा विशेषज्ञता का अन्य संबंधित नीतिगत और शासन संबंधी क्षेत्रों में व्यापक प्रसार नहीं हुआ। अक्सर इनमें सरकार के सबसे अधिक कुशल, अनुभवी और अग्रगामी सोच वाले लोग खप गए। उनकी कामयाबी इस तथ्य को परिलक्षित करती है कि राजनीतिक प्राथमिकताएं तय करने से राजनीतिक और नियामकीय बाधाएं दूर करने में मदद मिली और अस्थायी संस्थान बनाए जा सके। इन सफलताओं से गलत सबक लिए जा रहे हैं : लोग मानते हैं कि यह भारतीय राज्य की क्षमता दशार्ता है जबकि जरूरत ऐसी बाधाओं को समग्रता में दूर करने की है। विशेष आर्थिक क्षेत्र अथवा सेज के साथ भी यही समस्या आई थी। विनिर्माण और निर्यात को नुकसान पहुंचाने वाली नियामकीय समस्याओं को दूर करने के बजाय इन जरूरतों से स्थानीय स्तर पर निपटने के प्रयास किए गए।

इन बातों का अर्थ यह नहीं है कि ऐसे मिशनों की वास्तविक उपलब्धि को नकार दिया जाए। खासतौर पर महाकुंभ की उपलब्धि को। इसके बजाय जरूरत यह है कि इससे निकले सबकों का बाहर इस्तेमाल किया जाए।

# रेलवे के लिए बजट 2025 में बड़े बदलाव की तैयारी, हो सकता हैं कुछ खास ऐलान



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल देश की जीवनरेखा है। जैसे-जैसे बजट 2025 की तारीख नजदीक आ रही है, रेलवे के लिए सरकार की ओर से क्या एलान होंगे, इसे लेकर लोगों की जिज्ञासा भी बढ़ती जा रही है। आने वाले वित्तीय वर्ष में सरकार नए वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरूआत करने वाली है। लोग यात्री सुविधाओं में सुधार की भी उम्मीद कर रहे हैं।

बजट 2025 में भारतीय रेलवे के पूंजीगत व्यय आवंटन में 15-20% का इजाफा किया जा सकता है। यह उम्मीद इसलिए की जा रही है क्योंकि इस में चालू वर्ष का आवंटन समय पर खर्च हो जाने की उम्मीद है। देश के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर के लिए बजट 2025-26 में कुल पूंजीगत व्यय आवंटन (कैपेक्स) का चालू वित्त वर्ष के 2.65 लाख करोड़ से बढ़ाकर 3 लाख करोड़ से अधिक किया जा सकता है। आने वाले बजट में सरकार का जोर आधुनिक रेलवे स्टेशन बनाने, नए दौर की ट्रेनें शुरू करने और ट्रैक नेटवर्क पर भार कम करने पर रह सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 01 फरवरी 2026 को लोकसभा में पेश करेंगी। पीपीपी मोड के तहत रेलवे पर खर्च बढ़ाने की तैयारी देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्तीय वर्ष में चार साल के निचले स्तर पर पहुंचकर 6.4% रहने का अनुमान है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 8.2% था। केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में पूंजीगत व्यय के लिए 11.1 लाख रुपये मुहैया कराए हैं। यह राशि पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की पूंजीगत व्यय के लिए निर्धारित राशि 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

### 20% तक बढ़ाया जा सकता है रेलवे में कैपेक्स पर आवंटन

रेलवे से जुड़े एक सूत्र के अनुसार आने वाले बजट में रेलवे के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर आवंटन 20 फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है। रेलवे के अनुमानों के अनुसार पिछले बजट में इस मद में मिले 2.65 लाख करोड़ रुपये में से रेलवे ने अब तक करीब 80 फीसदी खर्च कर लिए हैं। एक वरीय अधिकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड ने चालू वित्तीय वर्ष में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। उनके अनुसार वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले कैपेक्स का लक्ष्य पूरी तरह से हासिल कर लिया जाएगा।

### रेल बजट में आम लोगों के खास अनुभव के लिए क्या होगा ऐलान?

आने वाले साल के लिए पेश होने वाले बजट में वित्त मंत्री आम लोगों को खास अनुभव देने के लिए रेलवे के लिए बड़ा एलान कर सकती हैं। इस बजट में सरकार की ओर से नए ट्रेक बिछाने और पुराने ट्रेकों को अपग्रेड करने के लिए ज्यादा आवंटन का एलान हो सकता है। रोलिंग स्टॉक लोकोमोटिव, वैगन और कोचों की खरीद पर भी खर्च बढ़ाया जा सकता है। सरकार की महत्वाकांक्षी मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) पर सरकार अपना खर्च बढ़ाना जारी रख सकती है। परियोजना में गति तेज करने के लिए बुलेट ट्रेन के बजट आवंटन में इजाफा किया जा सकता है।

# भारत 'दुनिया का जीसीसी कैपिटल' बनने के लिए पूरी तरह तैयार



**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को कहा कि भारत 1,700 वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के साथ ह्यदुनिया का जीसीसी कैपिटलह्ण बनने के लिए तैयार है, जिसमें दो मिलियन से अधिक लोग काम करेंगे। यह संख्या 2030 तक तेजी से बढ़ने का अनुमान है। जीसीसी एआई, डेटा एनालिटिक्स, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन, डिजिटल कॉमर्स, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉकचेन, ऑगमेंटेड रिएल्टी और वर्चुअल रिएल्टी जैसी उभरती टेक्नोलॉजी को अपनाने में अग्रणी हैं। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के अनुसार, शिक्षा और रोजगार में तालमेल बिठाने के लिए 'स्किल डेवलपमेंट' हमारे प्रयासों के मूल में होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इनोवेशन को बढ़ावा देने, उत्पादकता बढ़ाने और कार्यबल के लिए व्यक्तियों को तैयार करने के जरिए, हम नौकरियां पैदा कर रहे हैं और ग्लोबल टैलेंट हब का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई के सहयोग से श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बात की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत कर, हम भारत की अनूठी जरूरतों के अनुरूप कौशल मॉडल बना सकते हैं। कौशल, सर्टिफिकेट से आगे बढ़कर व्यक्तियों को उद्योग और स्वरोजगार क्षेत्रों की गतिशील मांगों को पूरा करने के लिए प्रैक्टिकल विशेषज्ञता से लैस करने पर केंद्रित होना चाहिए।

# इस साल भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या पहुंचेगी 900 मिलियन के पार, एआई साबित होगा 'गेमचेंजर'

**नई दिल्ली।** डिजिटल कंटेंट के लिए इंडिक भाषाओं के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से भारत में इंटरनेट यूजर बेस 2025 तक 900 मिलियन को पार कर जाएगा। गुरुवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2024 में 886 मिलियन तक पहुंच गई, जो सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दशार्ता है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) और कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत इस मामले में पीछे नहीं है। 488 मिलियन यूजर्स के साथ वह काफी आगे है और कुल इंटरनेट आबादी का 55 प्रतिशत हिस्सा यहां बसता है। लगभग सभी इंटरनेट यूजर्स (98 प्रतिशत) ने इंडिक भाषाओं में कंटेंट का इस्तेमाल किया, जिसमें तमिल, तेलुगू और मलयालम अपनी व्यापक उपलब्धता के कारण सबसे लोकप्रिय बनकर उभरे। रिपोर्ट के अनुसार, शहरी इंटरनेट यूजर्स में से आधे से अधिक (57 प्रतिशत) क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग करना पसंद करते हैं, जो विभिन्न प्लेटफार्मों पर स्थानीय भाषा के कंटेंट की बढ़ती मांग को दशार्ता है। पिछले एक साल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) एक महत्वपूर्ण गेम चेंजर के रूप में उभरा है। 10 में से नौ इंटरनेट यूजर्स ने एम्बेडेड एआई क्षमताओं वाले ऐप्स का प्रयोग किया है। कंतार इनसाइट्स-दक्षिण एशिया के निदेशक बीटूबी और प्रौद्योगिकी, बिस्वप्रिया भट्टाचार्य ने कहा, ₹एआई को लेकर व्यापक स्वीकृति और उत्साह डिजिटल कंपनियों को भारत में अगली पीढ़ी के एआई फीचर पेश करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। भारत में डिजिटल जेंडर गैप लगातार कम हो रहा है, देश में सभी इंटरनेट यूजर्स में से 47 प्रतिशत महिलाएं हैं - जो अब तक का सबसे अधिक है। ग्रामीण भारत में शेयर डिवाइस यूजर्स का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अब 58 प्रतिशत है।



# मिसाइल बनाने के लिए 'भारत डायनामिक्स' के साथ 2,960 करोड़ रुपये का सौदा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय नौसेना को मीडियम-रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (एमआरएसएएम) की सप्लाई के लिए 'भारत डायनामिक्स लिमिटेड' (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपये की लागत से एक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किया है। एमआरएसएएम सिस्टम एक स्टैंडर्ड फिट है, जो कई भारतीय नौसेना जहाजों पर लगा है और इसे भविष्य में अधिग्रहण के लिए प्लान किए गए प्लेटफार्मों पर फिट करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह कॉन्ट्रैक्ट भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और एडवांस मिलिट्री टेक्नोलॉजी को स्वदेशी बनाने की राह में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'आत्मनिर्भर भारत' पर जोर देने के साथ, मिसाइलों की सप्लाई बीडीएल द्वारा 'बाय (इंडियन)' कैटेगरी के तहत की जाएगी, जिसमें काफी हद तक स्वदेशी सामग्री होगी। बयान में कहा गया है कि इस कॉन्ट्रैक्ट से एमएसएमई सहित रक्षा उद्योग में लगभग 3.5 लाख मेन-डेज का रोजगार सृजित होगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल के अधिकारियों ने दिल्ली में कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन अग्रणी नौसैनिक जहाजों - विध्वंसक आईएनएस सूरत, फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि और पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करने के एक दिन बाद कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किए गए, जो भारत की बढ़ती नौसैनिक शक्ति को और मजबूत करेंगे। पिछले एक दशक में भारत के सशस्त्र बलों द्वारा आत्मनिर्भरता को अपनाने की सराहना की है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- सूर्य की ऊर्जा का कुछ भाग पृथ्वी और समुद्र की सतह से टकराकर वायुमंडल में बदल जाता है।
- पृथ्वी आकार में पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।
- आकार और बनावट में पृथ्वी शुक्र की तरह है।
- पृथ्वी सौरमण्डल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर कुछ झुकी हुई है जिसकी वजह से ऋतु परिवर्तन होता है। पृथ्वी की 3 परतें हैं।
- पृथ्वी तक सूर्य प्रकाश का पहुंचने में 8 मिनट 18 सेकंड लगते है।
- पृथ्वी का समुद्र तल से अधिकतम ऊँचा उठा हुआ भाग 15000 मीटर तक हो सकता है इससे अधिक नहीं। इसकी वजह पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति है।
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है,जो कभी इसी का ही भाग था ।
- आज से 450 करोड़ साल पहले, सूर्य मंडल में मंगल के आकार का एक ग्रह था जो कि पृथ्वी के साथ एक ही ग्रहपथ पर सूर्य की परिक्रमा करता था । मगर यह ग्रह किसी कारण धरती से टकराया और एक तो धरती मुड़ गई और दूसरा इस टक्कर के फलस्वरूप जो पृथ्वी का हिस्सा अलग हुआ उससे चाँद बन गया ।

## राशिफल

**मेष :** आज आपके व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। सत्ता के प्रति सुख की प्राप्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**वृष :** ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फायदेमन्द साबित होंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। छोटे पैमाने पर अगर आप कोई काम शुरू कर रहे हैं, तो आगे चलकर आपको फायदा हो सकता है।

**कर्क :** आज आपके करीबी लोग आपके निजी जीवन में परेशानियाँ खड़ी कर सकते हैं। जिन लोगों से आपको पैसे लेने हैं, उनसे वसूली भी कर सकते हैं।

**सिंह :** जीवन-साथी के साथ पारिवारिक समस्याओं को साझा करें। एक-दूसरे को फिर से भली-भांति जानने के लिए थोड़ा और वक़्त एक-दूसरे के साथ बिताएँ।

**कन्या :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कुछ लोगों से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**तुला :** भाग्य की अपेक्षा मेहनत पर जोर दें, विभिन्न स्त्रोतों से लाभ के संकेत हैं। जीवनसाथी आप लोगों को खुशी देने की हर संभव कोशिश करेगा।

**वृश्चिक :** कामकाम में तेजी लम्बे समय से चली आ रही समस्या का समाधान कर देगी। खर्चों में बढ़ोतरी होगी, जो आपके लिए परेशानी का सबब साबित हो सकती है।

**धनु :** आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको किसी तरह के कानूनी मामले में बड़ी मदद मिल सकती है। आप परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं।

**मकर :** आज आप कार्य की अधिकता की वजह से अपने घर के सदस्यों को अधिक समय नहीं दे पाएगें। आपका प्रिय को आपसे भरोसे एवं वादे की जरूरत है।

**कुंभ :** जीवनसाथी खुशी की वजह साबित होगा। आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा। घर में उल्लास का माहौल तनावों को कम कर देगा।

**मीन :** आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। घर में खुशियों का माहौल बन सकता है। सोसाइटी के लोग आपसे घर पर मिलने आ सकते हैं।

## चुटकुले

संता ने बंता को थप्पड़ मार दिया...
बंता- ये तूने मजाक में मारा या सच में मारा?
संता- सच में मारा।
बंता- तो ठीक है, मुझे मजाक बिलकुल भी पसंद नहीं है।

---

पप्पू- मां ये लड़कियां इतने व्रत क्यों रखती हैं?
मां- बेटा इतनी आसानी से थोड़ी मिल जाएगा किसी को तू
पप्पू (मन ही मन सोचता हुआ) बोला- कसम से आज पहली बार देवता वाली फीलिंग आ रही है

---

एक आदमी ने फेसबुक पर पोस्ट किया...
आज मैं छत पर सोऊंगा...
बस फिर क्या था मोहल्ले के 25 से 30 मच्छरों ने पोस्ट लाइक किया। उसके बाद दो चोरों ने भी बचा कुचा काम कर दिया।
तब से वो व्यक्ति छत पर सोने नहीं जाता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पीवी सिंधू क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, जापान की सुइजू को हराया, किरण भी अंतिम-8 में

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अब पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। किरण अगले दौर में चीन के खिलाड़ी हांग यांग वेंग से भिड़ेंगे।
दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं, किरण जॉर्ज ने भी गुरुवार को पुरुष एकल में शानदार प्रदर्शन किया और उम्मीदें बनाई रखी हैं। सिंधू ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की दुनिया की 46वें नंबर की खिलाड़ी मनामी सुइजू को 21-15, 21-13 से हराया, जबकि किरण ने शानदार वापसी करते हुए छह गेम प्वाइंट बचाकर प्री-क्वार्टरफाइनल में एलेक्स लानियर को 22-20, 21-13 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अब पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। किरण अगले दौर में चीन के खिलाड़ी हांग यांग वेंग से भिड़ेंगे।






### किरण का प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबला

किरण एलेक्स के खिलाफ मैच में 1-6 से पिछड़ रहे थे, लेकिन फ्रांसीसी खिलाड़ी की कई सहज गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को वापसी करने का मौका दिया। एलेक्स के शानदार स्मैश के बावजूद किरण डटे रहे और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाने में कामयाबी हासिल की। किरण ने 14-20 से पिछड़ने के बाद छह गेम प्वाइंट बचाए और फिर शुरूआती गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में किरण ने संघर्ष के बाद 14-11 से बढ़त बनाई। एलेक्स के स्मैश वाइड गए जबकि किरण ने हर मौके का फायदा उठाया। किरण ने 19-13 की बढ़त हासिल की और प्रतिद्वंद्वी की कुछ नेट गलतियों से भारतीय खिलाड़ी मैच जीत लिया। मैच के बाद किरण ने कहा, 'मैं एक बार में एक अंक पर ध्यान लगाये था। मैं बढ़त के बारे में नहीं सोच रहा था। इससे मुझे पहला गेम जीतने में मदद मिली। मैंने बस संयम बनाए रखा। अब ध्यान अगले मैच पर लगा है।'

### सिंधू और सुइजू के बीच कड़ी टक्कर

वहीं, महिला एकल में सिंधू ने शानदार शुरूआत की और वह ब्रेक तक 11-6 से आगे थी। हालांकि सुइजू ने थोड़े समय के लिए अंतर को 11-13 और 13-14 तक कम कर दिया, लेकिन सिंधू हमेशा बढ़त बनाए रहीं। खिलाड़ी भारतीय जल्द ही 20-14 से आगे हो गई और सुइजू के नेट में हिट करने पर सिंधू ने गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने 5-0 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक वह 11-2 से आगे थीं। इसके बाद सुइजू के पास भारतीय खिलाड़ी के दबाव का कोई जवाब नहीं था।

# फ्रिट्ज, डी मिनौर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे

**मेलबर्न।** शीर्ष आठ खिलाड़ियों में शामिल टेलर फ्रिट्ज और एलेक्स डी मिनौर दोनों ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में तेजी से प्रवेश किया। 5वें दिन के मध्य में एक दूसरे से 60 सेकंड के भीतर अपने मैच समाप्त करने वाले चौथी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन पर एक घंटे और 22 मिनट में 6-2, 6-1, 6-0 की जीत में सिर्फ.तीन गेम गंवाए जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त और घरेलू पसंदीदा डी मिनौर ने अमेरिकी क्वालीफायर ट्रिस्टन बॉयर को सिर्फ.दो घंटे से कम समय में 6-2, 6-4, 6-3 से हराया। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में चौथे स्थान पर, यूएस ओपन और निट्टो एटीपी फाइनल्स के उपविजेता फ्रिट्ज ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट में अपनी सर्वोच्च वरीयता पर खेल रहे हैं और अपने पहले दो मैचों में उनका प्रदर्शन नहीं टूटा है। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, गारिन के खिलाफ उन्होंने 24 विनर्स को नौ में से एक में क्लिप किया और 80 प्रतिशत फर्स्ट-सर्व पॉइंट और 60 प्रतिशत सेकंड-सर्व पॉइंट जीते। कैलिफोर्निया के फ्रिट्ज ने कहा, इस तरह का मैच खेलना हमेशा बहुत अच्छा लगता है, जिन्होंने कोर्ट पर घोषणा की कि वे लॉस एंजेलिस में आग से बचाव के प्रयासों के लिए अपने पहले दौर की पुरस्कार राशि 132,000 ऑस्ट्रेलियन डॉलर दान करेंगे। मैंने पहले दौर में भी अच्छा खेला, इसलिए तीसरे दौर में जाने के लिए मैं बहुत



आत्मविश्वास से भरा हुआ हूं। यह बहुत बढ़िया है। मेरिकी खिलाड़ी अब अगले मैच में फ्रांसीसी खिलाड़ी और हाल ही में ऑकलैंड चैंपियन बने गाएल मोंफिल्स से खेलेंगे। 38 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने अपनी जीत की लय को सात मैचों तक बढ़ाया, ने जर्मनी के डेनियल अल्टमायर को 7-5, 6-3, 7-6(3) से हराया, जो शुरूआती दौर में अपने हमवतन जियोवानी एमपेटशी पेरीकार्ड पर पांच सेट की जीत का समर्थन करता है। फ्रिट्ज, जिन्होंने अपने हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी पर अपने पहले दौर की जीत में सिर्फ पांच गेम गंवाए थे, क्वार्टर फाइनल में दुनिया के नंबर 5 दानिल मेदवेदेव से भिड़ने के लिए वरीयता प्राप्त हैं।

# लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स के लिए मैदान पर अपनी शानदार फॉर्म को दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं : शिखर धवन

**रायपुर।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने मैदान पर वापसी करने और आगामी लीजेंड 90 लीग में हर पल को यादगार बनाने के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वह अपनी शानदार फॉर्म को मैदान पर लाने के लिए तैयार हैं। धवन अगले महीने होने वाली लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। धवन ने कहा, मैं आप सभी के साथ कुछ बड़ी खबर साझा करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। लीजेंड 90 लीग के इस सीजन में, मैं दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलूंगा।

मैं अपनी शानदार फॉर्म को मैदान पर लाने और हर पल को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। निरंतर समर्थन के लिए मेरे प्रशंसकों का धन्यवाद।" इस बीच, दिल्ली रॉयल्स ने लीजेंड 90 लीग के लिए हाल ही में संपन्न खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के बाद नए खिलाड़ियों को शामिल करके अपनी लाइनअप को मजबूत किया है। टीम में पहले से ही धवन और रॉस टेलर जैसे दिग्गज क्रिकेटर शामिल हैं, और इस बार इसमें कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का स्वागत किया गया है। हाल ही में टीम में वेस्टइंडीज के जेरोम टेलर और दिनेश रामदीन, श्रीलंका के दानुष्का गुणथिलका और भारतीय क्रिकेटर



सुमित नरवाल, परविंदर अवाना, शरद लुंबा, लखविंदर सिंह और राजविंदर सिंह शामिल हैं। नए शामिल किए गए खिलाड़ी टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव और घरेलू विशेषज्ञता का एक बेहतरीन मिश्रण लेकर आए हैं, जिससे लीजेंड 90 लीग के लिए दिल्ली रॉयल्स की तैयारी सुनिश्चित हुई है। ड्राफ्ट समारोह में दिल्ली रॉयल्स की जर्सी का अनावरण भी किया गया। पिछले महीने, दिल्ली रॉयल्स ने अपने आधिकारिक लोगो का अनावरण किया, जो ताकत, लचीलापन और वीरता का प्रतीक कवच ढाल का चित्रण है। टीम की लड़ाई की भावना और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ने के लिए डिजाइन की गई यह ढाल रॉयल्स की दृढ़ संकल्प के साथ चुनौतियों का सामना करने की तत्परता को दशार्ती है।

# भारतीय पुरुष टीम का बल्लेबाजी कोच बनने के लिए उपलब्ध हैं केविन पीटरसन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने भारतीय पुरुष टीम के सहायक स्टाफ में बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल होने में रुचि दिखाई है। यह घटनाक्रम उन खबरों के बीच हुआ है, जिनमें कहा गया है कि भारत अपने मौजूदा सहायक स्टाफ में बल्लेबाजी कोच जोड़ने पर विचार कर रहा है। फिलहाल गौतम गंभीर मुख्य कोच हैं, अभिषेक नायर और रेयान टेन डेशकाटे सहायक कोच हैं, जबकि मोर्न मोर्कल और टी. दिलीप क्रमशः गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच हैं। एक्स के माध्यम से दो रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए पीटरसन ने लिखा कि वह इस पद को संभालने के लिए ह्यउपलब्धह्ण हैं। यह ऐसे समय में हुआ है, जब दो खराब बल्लेबाजी प्रदर्शनों के कारण भारत को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। परिणामस्वरूप, भारत 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी जगह बनाने से चूक गया, जो अब जून में लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। 104 टेस्ट में, पीटरसन ने 47.29 की औसत से 8181 रन बनाए, जिसमें 23 शतक और 35 अर्द्धशतक शामिल हैं। 136 वनडे में उन्होंने 40.73 की औसत से 4440 रन बनाए, जिसमें नौ शतक और



25 अर्द्धशतक शामिल हैं। 37 टी20 में, उन्होंने 37.94 की औसत से 1176 रन बनाए, जिसमें सात अर्द्धशतक शामिल हैं।

उन्होंने इंग्लैंड के साथ 2010 पुरुष टी20 विश्व कप का खिताब भी जीता और टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में उभरे। पिछली कोचिंग व्यवस्थाओं में, भारत के पास एक नामित पुरुष टीम का बल्लेबाजी कोच होता था। संजय बांगर 2014 के इंग्लैंड दौरे से लेकर सितंबर 2019 तक भारत के बल्लेबाजी कोच थे। उसके बाद, विक्रम राठौर ने पदभार संभाला और 2024 के पुरुष टी20 विश्व कप की जीत तक इस भूमिका में रहे। इसके अलावा, कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की खराब फॉर्म, जो लगातार ऑफ-स्टंप के बाहर की गेंदों पर आउट हो रहे हैं, और शुभमन गिल का विदेशों में खराब रिकॉर्ड है, का मतलब है कि एक नामित बल्लेबाजी कोच होना समय की मांग है। भारत में, डब्ल्यू.वी. रमन, सीतांशु कोटक और ऋषिकेश कानितकर कुछ विकल्प हैं जो जरूरत पड़ने पर इस भूमिका में आ सकते हैं।

# इंग्लैंड सीरीज से पहले भारत के बल्लेबाजी कोच बनने को तैयार सितांशु कोटक

**मुंबई।** सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक भारत के बल्लेबाजी कोच बनने को तैयार हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार कोटक इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवर सीरीज से यह जिम्मेदारी संभालेंगे, जो कि 22 जनवरी से कोलकाता में शुरू हो रही है। 52 साल के कोटक का प्रथम श्रेणी करियर 20 साल लंबा था और उन्होंने 2013 में संन्यास लिया। वह 2019 से ही एनसीए में एक बल्लेबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। उन्होंने इंडिया ए के कई दौरों पर प्रमुख कोच की भी भूमिका निभाई है, जबकि 2023 में आयरलैंड दौरे पर भारत की सीनियर टीम के भी



कोच थे। कोटक मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ के पांचवें सहायक सदस्य होंगे। टीम में मोर्न मोर्केल के रूप में गेंदबाजी कोच, टी दिलीप के रूप में फील्डिंग कोच और अभिषेक नायर व रायन टेन डेशकाटे के रूप में दो सहायक कोच पहले से मौजूद हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मिली करारी हार के बाद पिछले हफ़्ते बीसीसीआई ने एक रिव्यू मीटिंग बुलाई थी। उसके प्रकाश में ही यह फैसला लिया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि इस रिव्यू मीटिंग में भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी कोच रखने का सुझाव दिया था। गौरतलब है कि रोहित सहित भारत के तमाम बल्लेबाज खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

# भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए आयरलैंड पर जुमार्ना

**नई दिल्ली।** आयरलैंड पर राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में भारत के खिलाफ हाल ही में संपन्न सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है। यह आरोप मैदानी अंपायर किम कॉटन और अक्षय टोट्रे, तीसरे अंपायर वीरेंद्र शर्मा और चौथे अंपायर वृंदा राठी द्वारा लगाया गया था। आईसीसी के मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के मैच रेफरी जी एस लक्ष्मी ने आयरलैंड पर यह जुमार्ना लगाया, क्योंकि समय की छूट के बावजूद आयरलैंड ने निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर कम फेंके थे। आईसीसी ने कहा, आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस ने सजा स्वीकार कर ली है और अपराध स्वीकार कर लिया है, जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं रह गई। बुधवार को खेले गए मैच में भारत ने तीसरा वनडे रिकॉर्ड 304 रन से जीतकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। यह महिला वनडे में मेजबान टीम की सबसे बड़ी जीत भी थी। भारत की



शानदार जीत की नींव प्रतिका रावल (154) और स्मृति मंधाना (135) के शतकों से पड़ी, जिन्होंने 435/5 का स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है और फिर आयरलैंड को 31.4 ओवर में 131 रन पर ढेर कर दिया। स्मृति ने भारतीय महिला बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज वनडे शतक भी लगाया, उन्होंने 70 गेंदों में तीन अंकों का आंकड़ा छुआ और नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर के 87 गेंदों में बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ऋचा घोष की 59 रनों की तेज पारी के साथ ही भारत न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद महिला वनडे इतिहास में 400 रन का आंकड़ा पार करने वाली तीसरी टीम बन गई, यह उपलब्धि उसने पहली बार दर्ज की।

# आईपीएल 2025 के तुरंत बाद इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी इंडिया-ए टीम

**नई दिल्ली।** जून में होने वाले भारत के इंग्लैंड टेस्ट दौरे पर अपना दावा पेश करने के लिए युवा भारतीय खिलाड़ियों के पास एक बेहतरीन मौका होगा। इंडिया ए की टीम आईपीएल 2025 समाप्त होने के तुरंत बाद इंग्लैंड लायंस की टीम से तीन 4-दिवसीय मैचों का मुकाबला करने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी। यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी निश्चित तारीखों का ऐलान बाक ी है। 25 मई को आईपीएल का फाइनल मुकाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरूआत होगी। भारत



के बल्लेबाज टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। भारत को जिस तरह से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मात मिली है, ऐसा हो सकता है कि कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जाएं। भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफी मुकाबला है, जहां ये बल्लेबाज लाल गेंद की क्रिकेट में अपना हाथ आजमा सकते हैं। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाजों को कहा है कि वह इस सीरीज को चयन का एक पैमाना मानें। पिछले साल जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत आई थी तो सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे खिलाड़ी इंडिया ए के लिए खेले थे। बीसीसीआई को उम्मीद है कि उस समय टी20 ब्लास्ट चलने के बावजूद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) एक मजबूत इंग्लैंड लायंस की टीम मैदान में उतारेगी।

# छह महीने में ही खराब हुए पेरिस ओलंपिक के पदक मनु भाकर के पदक बदले जाने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में दुनिया भर के कई एथलीटों ने सोशल मीडिया पर खराब हुए पदकों की तस्वीरें पोस्ट की थी। यह पता चला है कि मनु के पदकों का रंग उतर गया है और वे खराब स्थिति में हैं। भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर के पेरिस ओलंपिक में जीते कांस्य पदक महज छह महीने में ही खराब पड़ने लगे और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता को उम्मीद है कि उनके ये पदक बदले जाएंगे। मनु उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। मालूम हो कि पिछले साल जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक का आयोजन हुआ था जिसमें मनु ने अलग-अलग वर्ग में दो कांस्य अपने नाम किए थे।

### कई एथलीटों ने की है शिकायत

हाल के दिनों में दुनिया भर के कई एथलीटों ने सोशल मीडिया पर खराब हुए पदकों की तस्वीरें पोस्ट की थी। यह पता चला है कि मनु के पदकों का रंग उतर गया है और वे खराब स्थिति में हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल) द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा। खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। प्रत्येक ओलंपिक पदक के केंद्र में लगे लोहे के टुकड़ों का वजन 18 ग्राम (लगभग दो-तिहाई औंस) होता है।




मोनैई डे पेरिस फ्रांस के लिए सिक्के और अन्य मुद्रा तैयार करती है। पेरिस ओलंपिक की आयोजन समिति सभी क्षतिग्रस्त पदक बदलने के लिए मोनैई डे पेरिस के साथ मिलकर काम कर रही है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 में दिए गए पदकों में प्रतिष्ठित एफिल टॉवर के टुकड़े शामिल थे। पेरिस 2024 के लिए 5084 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक महंगे आभूषण और घड़ी बनाने वाली कंपनी चौमेट द्वारा डिजाइन किए गए थे और मोनाई डे पेरिस ने इनका निर्माण किया था।

### मनु ने पेरिस ओलंपिक में किया था प्रभावित

मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली खिलाड़ी हैं। उन्होंने व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इन खेलों में भारत के पदक का खाता खोला था। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला निशानेबाज बनीं थी। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था।

### खेल रत्न से होंगी सम्मानित

मनु को पेरिस ओलंपिक में उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर खेल पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला किया गया था। मनु उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जिसे खेल के सर्वोच्च व्यक्तिगत पुरस्कार खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का एलान हाल ही में किया गया था। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

# पीजीटीआई प्रमुख के रूप में कपिल देव पेशेवर गोल्फरों के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं: जीव मिल्खा

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फ के महान खिलाड़ी जीव मिल्खा सिंह ने देश में पेशेवर गोल्फरों के लिए अच्छा काम करने के लिए वर्तमान प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष और क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव के प्रयासों की सराहना की है। पीजीटीआई अध्यक्ष ने हाल ही में 2025 कैलेंडर वर्ष की पहली छमाही का अनावरण किया, जिसमें पेशेवर खिलाड़ी लगातार 11 सप्ताह तक प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे, जो 2024 की पहली छमाही में होने वाली नौ प्रतियोगिताओं की तुलना में अलग-अलग स्थानों पर होंगी। जीव ने गुरुवार को आईएएनएस से कहा, कपिल देव एक खिलाड़ी हैं। वह अन्य एथलीटों के लिए महसूस कर सकते हैं।और वह एक संगठन (पीजीटीआई) का नेतृत्व कर रहे हैं, जो भारत में पेशेवर गोल्फरों के लिए बहुत अच्छा काम कर रहा है। भविष्य में, उम्मीद है कि उनके अध्यक्ष बनने के साथ, गोल्फ बढ़ेगा और खेल में अधिक जागरूकता आएगी। जीव ने कहा, हमारे देश में गोल्फ का चलन बढ़ रहा है। देश से बहुत अच्छी प्रतिभाएं आ रही हैं और अंतर्राष्ट्रीय सर्किट पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्हें उपकरणों और फिटनेस का ज्ञान है। युवाओं के बीच गोल्फ को और बढ़ावा देने के लिए, 53 वर्षीय पूर्व पीजीए टूर खिलाड़ी ने सरकार को देश भर में और अधिक सार्वजनिक गोल्फ कोर्स बनाने की सलाह दी। हमारे देश में, सरकार को सार्वजनिक ड्राइविंग रेंज खोलनी चाहिए। मुझे पता है कि हमारे पास जमीन की कमी है, लेकिन 10 एकड़ के क्षेत्र में एक अच्छी गोल्फ अकादमी खोली जा सकती है। इसके बाद, हर बच्चे को गोल्फ खेलने का अवसर मिलेगा। यह मेरा सरकार से अनुरोध है। वर्तमान में, हमारे पास केवल तीन सार्वजनिक ड्राइविंग रेंज हैं। यह संख्या जितनी अधिक बढ़ेगी, गोल्फ को उतना ही बढ़ावा मिलेगा। यह एक चक्र है। आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका यह है और फिर (यह) बच्चे की कड़ी मेहनत और माता-पिता की प्रतिबद्धता है, जिससे बच्चा गुजरता है।" अनुभवी गोल्फर चैंपियंस टूर के लिए मोरक्को पर अपना ध्यान केंद्रित करने से पहले देश में आगामी प्रतियोगिताओं के साथ अपना सीजन शुरू करने के लिए तैयार हैं। हाथ पर कुत्ते के काटने से उबर रहे दिग्गज भारतीय गोल्फर ने कहा, ₹इस महीने के अंत में डीएलएफ में इंटरनेशनल सीरीज एशियन टूर में मेरा पहला टूनार्मेंट है। चैंपियंस टूर के लिए मुझे मोरक्को से विशेष आमंत्रण मिला है। यह पीजीए का हिस्सा है।



# शुभम डबास का वाग्दान समारोह गुंजन के साथ धूमधाम से संपन्न



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव धर्मवीर डबास के भतीजे शुभम डबास का वाग्दान समारोह बुधवार को माउंट ग्रीन फार्म हाउस में अलीगढ़ निवासी श्रीपाल सिंह की सुपुत्री गुंजन के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया।




### उन्होने नाम दिया तो अच्छा और कर दें खुलासा तो और भी अच्छा

वो अपने सियासी कैरियर में हमेशा से ही अति पिछड़ो की हिमायत करते आये हैं और उनकी मांग भी रही है कि कुछ अति पिछड़ी जातियों को एससी कैटेगरी में लिया जाये। राजनीति की पिच पर वो टेस्ट प्लेयर माने जाते हैं। स्लो खेलना मंजूर हैं मगर बाहर जाती बॉल पर वो बल्ला नही अड़ाते हैं और पड़ी लकड़ी या उड़ता तीर पकड़ने से परहेज करते हैं। महानगर अध्यक्ष वाले पैनल में उनके भी तीन नाम गये हैं। उन्होने कह दिया कि अगर एससी या ओबीसी बने तो और अच्छा होगा। कह भी दिया कि वैश्यों को बहुत मिला और ब्राहम्णों को भी समुचित मिला। ओबीसी को लेकर कहा कि ये समाज तो मैजोरिटी में रहता ही है। उनके इस कथन को फूल वाले उड़ता तीर या पड़ी लकड़ी वाले फ्रेम में ही रख कर चल रहे है। फूल वालों के दलित देवतुल्य ने ही कहा कि अगर वो सही में हमारे समाज की हिमायत कर रहे हैं तो ये अच्छा है और जब उन्होने तीन नाम दिये होगें तो वो पर्ची भी होगी। जब लिस्ट आऊट हो जाये और अध्यक्ष बन जाये तब उनकी वाली पर्ची डिस्कलोज की जाये। पता तो चले कि दलितो की हिमायत करने वाले ने दलितों के नाम की पर्ची दी भी थी या नही। कहने वाले ने कह भी दिया कि वो अपने तीन नामों का खुलासा कर दें तो पता चले उनकी पसंद के 3 दलित नाम कौन से हैं।

### ध्वज प्रणाम प्रचारक वाले कल्चर में स्टार प्रचारक का नया कल्चर

पालिटिक्स में कहने को ही कार्यकर्ता देवतुल्य होता है, वो कहने को ही पार्टी की नींव होता है और कहने को रीढ़ की हडडी होता है। इस बात को कार्यकर्ता भी जानता है कि असली रिमोट किसके हाथ में होता है। चार दलों के वीआरएस गति को प्राप्त वरिष्ठ चर्चा कर रहे थे और उन्होने कहा कि हमारे जमाने में स्टार प्रचारक कोई नही होता था। पर अब तो नये जमाने की नई हवा में स्टार प्रचारक का कल्चर आ गया है। केसरिया सियासत का एक युग देख चुके नेता ने कहा कि मुझे तो बस यह जानना है कि भाजपा में ध्वज प्रणाम वाले प्रचारक बड़े होते हैं या चुनावी सीजन में पार्टी हाईकमान द्वारा बनाये गये स्टार प्रचारक बड़े होते हैं। भगत नेता जी की जुबान खुलने ही वाली थी कि पुराने भाजपाई ने उन्हे टोक दिया। बता दिया कि कुछ भी कहने से पहले इतना ध्यान रखना कि इस लिस्ट में केवल तुम्हारे वालों का ही नाम नही है। इस स्टार प्रचारक वाली लिस्ट में वन एंड ओनली वन का भी नाम है सबसे पहले और फिर उनके बाद फकीर साधु शाह सब हैं लिस्ट में और सुनो इस लिस्ट में सेठ जी से लेकर हेमा मालिनी भी हैं।

### बात लिखने का नही था कोई कायदा और अब मिटाने से क्या फायदा

इसमे कोई दो राय नही है कि वो तीनों ही गजब के कार्यकर्ता हैं और मेहनत के साथ पूरी आस्था भी है। लेकिन तीन के साथ अक्सर सीन कुछ ना कुछ हो जाता है। इस बार सीन में दो हैं। तीसरे वो हैं जिनका इस वाले मामले से तो कोई लिंक नही हैं मगर उनके फोटो पर इंक वाला इंकलाब कई बार हो चुका है। लिखने वाले ने भी प्रेस नोट में लिखा कि वो बता देते हैं बात मगर पैसे लेकर। मतलब ये कि प्रेस नोट में नोट लेने वाली बात लिखी गई। राम जी उनकी अक्ल पर दया करें कि जब उन्होने मिस्टेक भी सुधारी तो भी मिस्टेक कर दी। जो प्रेस नोट दोबारा प्रिंट निकल सकता था उस प्रेस नोट पर उन्ही बातों वाली लाईन पर कलम चलाई गई। ये तो बात ओके नही मानी जायेगी।

# डॉ. अतुल जैन ने नरेंद्र कश्यप को जन्मदिन की बधाई दी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। ईश्वर से प्रार्थना की कि वे सदैव प्रसन्न रहें, स्वस्थ रहें, दीघार्यु हों और राजनीतिक क्षेत्र में आमजन के हितार्थ कार्यों में संलग्न रहते हुए दिनोदिन प्रगति करते रहें।

# जिलाधिकारी ने की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के कार्यों की समीक्षा

- जब तक सभी लम्बित आवेदन निर्णित नहीं किये जाते तब तक सम्बंधित बैंक प्रतिनिधि बैठक से नहीं जायेंगे : जिलाधिकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान जीएमडीआईसी श्रीनाथ पासवान द्वारा अगवत कराया गया कि बैंकों द्वारा योजना के संबंध में असंवेदनशीलता बरती जा रही है जिसके क्रम में आवेदकों के कई आवेदन बैंकों में 7 दिन से अधिक समय से लम्बित हैं। जीएमडीआईसी ने बताया कि उक्त योजना का लाभ लेने हेतु कुल 403 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया था। जिसमें से 365 आवेदन बैंकों को प्रेषित किये गये हैं। जिसमें से बैंकों द्वारा अभी तक 50 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं। प्रेषित आवेदनों में से बैंकों में 7 दिन से ज्यादा के भी आवेदन है जो कि बियॉन्ड टाइम हो चुके हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जीएमडीआईसी श्रीनाथ पासवान सहित अन्य अधिकारी व बैकर्स उपस्थित रहे।

### डीएम की सख्त आदेशों के बाद लिया गया बियॉन्ड टाइम वाले आवेदनों पर निर्णय

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री की मुख्य योजना "मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना" में बैंकों द्वारा लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को सभी लम्बित आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकृत करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कहा कि जब तक सभी लम्बित आवेदन निर्णित नहीं किये जाते तब तक सम्बंधित बैंक प्रतिनिधि बैठक से नहीं जायेंगे। जिलाधिकारी के इस निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रेस नोट लिखे जाने तक 50 आवेदनों पर बैंकरों द्वारा निर्णय लिया गया। इस प्रकार प्रेस नोट लिखे जाने तक कुल 100 आवेदन निर्णित हुए।

### बियॉन्ड टाइम वाले आवेदनों पर बैंकर्स बैठक में ही लें निर्णय : इन्द्र विक्रम सिंह

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया है कि जब तक बियॉन्ड टाइम वाले आवेदनों पर निर्णय नहीं लिया जाता तब तक कोई भी बैंकर्स विकास भवन से बाहर नहीं जायेगें। जिस पर बियॉन्ड टाइम वाले बैकों द्वारा आवेदनों पर निर्णय लिया जा रहा है। जिसमें सम्भावना यह है कि रात्रि 9 बजे से पूर्व ही बैंकर्स बियॉन्ड टाइम वाले आवेदनों पर निर्णय ले लेंगे।

# 21 जनवरी को गजप्रस्थ दिवस के रूप में मनाने की अपील



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद का प्राचीन नाम वापस लौटाए जाने का राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने हर स्तर पर समर्थन किया है। यह जानकारी देते हुए बालकिशन गुप्ता जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल, रेलवे बोर्ड सदस्य व पंडित अशोक भारतीय ने बताया कि पूर्व में भी इस विषय का ज्ञापन शासन को भेजा गया है। राष्ट्र व संस्कृति सेवा में अनवरत संलग्न सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट संदीप त्यागी रसम के नेतृत्व में अत्याचारियों को सम्मानित करती मानसिकता भारत छोडो अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद का पुराना नाम गजप्रस्थ वापस दिलाने हेतु जन जागरण का जो कार्य किया जा रहा है, उसके समर्थन में स्नातक संघ के सभी पदाधिकारी अपना समर्थन देते हैं। सभी अपने प्रतिष्ठान पर 21 जनवरी को गजप्रस्थ दिवस मनाएंगे। राष्ट्रीय व्यापार मंडल सभी नागरिक संगठन व्यापार मंडल संगठन आरडब्ल्यूए से 21 जनवरी को गजप्रस्थ दिवस के रूप में मनाने की अपील करता है।




# फिर हो रही है टू-स्टारों की खोज

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बुधवार को आई लिस्ट के बाद फिर चर्चा उठ रही है कि टू-स्टारों की खोज हो रही है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से बीते कुछ महीनों के दौरान बड़ी संख्या में 2015 बैच वाले टू-स्टार पास के जिले और कमिश्नरेट में रवाना किए गए हैं। जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में फिर अच्छे टू-स्टारों की खोज शुरू हो गई है। वहीं बुधवार की रात जो लिस्ट आई उसमें फिर कुछ टू-स्टारों पर भरोसा जताया गया है। तो पुलिस के बीच चर्चा है कि कई जोन में फिर टू-स्टारों के लिए प्लेस और फेस देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट की कई चौकी और थाने ऐसे हैं जहां लंबे समय से टू-स्टार जमे हुए हैं, उनको बदला भी जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन में फिर जल्द ही एक छोटी तबादला लिस्ट चल सकती है। जिसमें कुछ चौकी प्रभारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट को लेकर भी मंथन चल रहा है देखना है कि कब इस पर फैसला लिया जाता है और किस एसीपी को सर्किल और किस एसीपी को रेस्ट दिया जाता है। कुल मिलाकर सिटी में बदलाव वाली संभावना कम है। तो सूत्रों का कहना है कि एक बदलाव ट्रांस हिंडन में नजर आएगा। तो देहात के लिए भी एक सूचना मिल सकती है। कुल मिलाकर बताया जा रहा है कि जिस सर्किल में अधिक टेंशन थी वहां को लेकर भी कोई फैसला हो सकता है। देहात वाले समीकरणों को लेकर चर्चाएं थम नहीं रही हैं। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में फिर से 2015 बैच का राज होने की चर्चा सुनाई दे रही है। कहा जा रही है कि पास वाले कमिश्नरेट वाले फेस जो गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट आ रहे हैं उनपर भी अधिकारी भरोसा जता रहे हैं। इसके साथ ही देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में कब छोटी तबादला लिस्ट जारी होती है औश्र किसको मौका मिलेगा। वैसे सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जल्द ही लोकल टू-स्टारों को नई जिम्मेदारी दिए जाने की सूचना पर मुहर लग सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कौन सी लिस्ट कब आएगी। इसका वेट बेसबरी से हो रहा है।



# सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली चुनाव में बनाया गया स्टार प्रचारक

## सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल व बल्लीमारान विधानसभा से कमल बागड़ी के नामांकन में शामिल हुए अतुल गर्ग





**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया तेजी पर चल रही है वहीं सभी पार्टी के प्रत्याशी नामांकन कर रहे हैं। भाजपा संगठन ने गाजियाबाद लोकसभा से सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली चुनाव के स्टार प्रचारक की 40 की सूची में रख कर विश्वास जताया है, वहीं आज सुबह सदर बाजार विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार जिंदल व बल्लीमारान विधानसभा सीट से कमल बागड़ी के नॉमिनेशन में साथ रहे। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि दिल्ली में 8 तारीख को भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए अब की बार भाजपा की सरकार जरूरी है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले भी उपस्थित रहे।

# पहली बार रोबोटिक सर्जरी से हुआ किडनी ट्रांसप्लांट

## म्यांमार के 68 साल के मरीज हुए ठीक, 5 घंटे चली सर्जरी




रोबोटिक ट्रांसप्लांट के लिए पेरी-अंबलिकल रीजन में 5 सेमी आकार का चीरा लगाया जाता है। जो पारंपरिक सर्जरी की तुलना में काफी कम होता है।



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में पहली बार म्यांमार के 68 साल के मरीज जॉआ का सफल रोबोट-एडेड किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। ये सर्जरी फोर्टिस अस्पताल में की गई। मरीज क्रोनिक किडनी डिजीज से पीड़ित थे। पिछले साल जून से डायलसिस पर थे। मरीज का इलाज डॉ. पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट और उनकी टीम न किया। मरीज को आठ दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई। मरीज पेट के भाग में मोटापे से ग्रस्त थे। जिसकी वजह से सर्जरी के बाद हीलिंग में काफी मुश्किलें पेश आई और इंफेक्शन का भी खतरा था। इसके अलावा, डायलसिस के दौरान भी मरीज को कई समस्याएं हो रही थी। जैसे वे कई बार बेहोश हो जाते, उनकी मांसपेशियों में काफी जकड़न पैदा होती या लो ब्लड प्रेशर की समस्या आ रही थी। वह अपनी दैनिक गतिविधियों को भी ठीक प्रकार से करने में असमर्थ हो गए। ऐसे में उनके परिजनों ने किडनी ट्रांसप्लांट का विकल्प चुना और उपचार के लिए मरीज को फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में भर्ती कराया।

### रिस्क फैक्टर बढ़ने के बाद लिया रोबोटिक सर्जरी का फैसला

मरीज को जब अस्पताल लाया गया तो वह काफी कमजोर थे। टॉक्सिन्स के जमाव व डायलसिस के कारगर नहीं होने की वजह से उनका पोषण स्तर भी बिगड़ चुका था। अस्पताल में उनकी विस्तृत तरीके से मेडिकल जांच की गई। जिसमें ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, कार्डियाक जांच, नसों और धमनियों का मूल्यांकन व अन्य कई टेस्ट किए गए। इनके नतीजों ने किडनी ट्रांसप्लांट की पुष्टि की। लेकिन पेट में मोटापे और कमजोर इम्यूनिटी के चलते रिस्क काफी बढ़ चुका था। ऐसे में रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट ही बेहतर विकल्प था।

रोबोटिक ट्रांसप्लांट के लिए पेरी-अंबलिकल रीजन में 5 सेमी आकार का चीरा लगाया जाता है। जो पारंपरिक सर्जरी की तुलना में काफी कम होता है। उसके लिए मांसपेशी में चीरा लगाने की जरूरत होती है। इस प्रक्रिया में, 10X मैग्नीफिकेशन के चलते धमनियों और नसों की सटीक पहचान हो पाती है। जिससे इस्किमिया (इस कंडीशन में शरीर के किसी भाग में रक्तप्रवाह में कमी की वजह से उस स्थान के टिश्यू को नुकसान पहुंचता है) टाइम और ब्लीडिंग का जोखिम कम होता है।

### 5 घंटे में की गई सर्जरी

मरीज की बहन अपने भाई के उपचार के लिए डोनर के रूप में आगे आई। डॉ अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर नेफ्रोलॉजी ने कहा, रोबोट की मदद से किडनी ट्रांसप्लांट से मरीजों के मामले में बेहतर नतीजे सामने आते हैं। खासतौर से यदि मरीज की उम्र अधिक हो या वे मोटापे के शिकार हो। रोबोटिक सर्जरी की सटीकता के चलते जटिलताओं का रिस्क कम होता है। मरीज की रिकवरी भी तेजी से होती है। छोटे आकार का चीरा लगाने से मरीज को कम तकलीफ होती है और एडवांस टेक्नोलॉजी की सहायता से ट्रांसप्लांट भी अधिक सटीक और सुरक्षित होता है। जिसके परिणामस्वरूप मरीज जल्द स्वास्थ्यलाभ कर अपनी दैनिक गतिविधियों को खुद करने में सक्षम बनते हैं। इस सर्जरी में 5 घंटे का समय लगा।



# जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन ने लॉन्च किया नया रॉकेट न्यू ग्लेन, पृथ्वी की कक्षा में भेजा उपग्रह

**फ्लोरिडा।** अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन ने गुरुवार सुबह फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से अपने नए रॉकेट न्यू ग्लेन को लॉन्च किया। रॉकेट ने पृथ्वी की कक्षा में उपग्रह स्थापित किया। जब यान सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचा तो कंपनी के कर्मचारियों ने नारे लगाए और तालियां बजाईं। वहीं रॉकेट का बूस्टर अटलांटिक महासागर में कंपनी के तैरते लॉन्चिंग पैड पर नहीं उतर सका। कंपनी ने कहा कि हमारा पहला उद्देश्य परीक्षण उपग्रह को कक्षा में पहुंचाना था।

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने भारी फंडिंग और सालों की मेहनत के बाद 320 फुट यानी 98 मीटर न्यू ग्लेन रॉकेट को तैयार किया है। इसे उपग्रहों को उचित कक्षाओं में छोड़ने के लिए बनाया गया है। रॉकेट का नाम पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले प्रथम अमेरिकी न्यू ग्लेन के नाम पर रखा गया है। गुरुवार को लॉन्च किए गए रॉकेट को पहले चरण में उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में छोड़ना था।

### इस साल छह से आठ उड़ानें शुरू करने की योजना

ब्लू ओरिजिन ने इस वर्ष छह से आठ न्यू ग्लेन उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई है। कंपनी ने कहा कि अगली उड़ान इसी बसंत में शुरू होगी। बेजोस ने कहा कि यह अंतरिक्ष युग के नए चरण की शुरूआत है। अंतरिक्ष तक पहुंच की लागत को कम करने के लिए हम सभी एक उद्योग के रूप में एक साथ काम करने जा रहे हैं।

इसके बाद दूसरे चरण में इसे बाहर की कक्षा में रहने के लिए सुरक्षित स्थिति में रखा गया। इस मिशन के छह घंटे तक चलने की उम्मीद थी। रॉकेट ने उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में छोड़ दिया। मगर इसका बूस्टर उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अटलांटिक महासागर में बनाए गए लॉन्चिंग पैड पर उतर नहीं सका। ब्लू ओरिजिन के लॉन्च कमेंटेटर एरियन कॉर्नेल ने कहा कि क्या शानदार दिन था?

### सोमवार को टाला गया था प्रक्षेपण

सोमवार को रॉकेट का पहला प्रक्षेपण किया जाना था, लेकिन कुछ तकनीकी समस्या के चलते आखिरी समय में इसे टालना पड़ गया था। रॉकेट का निर्माण अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा और चंद्रमा तक ले जाने के लिए किया गया है।

### 25 साल पहले की गई थी कंपनी की स्थापना

अमेजन के जेफ बेजोस ने 25 साल पहले ब्लू ओरिजिन कंपनी की स्थापना की थी। यह कंपनी 2021 से अंतरिक्ष के किनारे तक यात्रियों को भेज रही है। कंपनी का नया रॉकेट न्यू ग्लेन ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट की तुलना में पांच गुना लंबा है। ब्लू ओरिजिन ने न्यू ग्लेन के लॉन्च साइट में एक बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। यह लॉन्चिंग पैड कंपनी के नियंत्रण केंद्रों और रॉकेट फैक्टरी से 9 मील (14 किलोमीटर) दूर नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के गेट के बाहर है। लॉन्चिंग कार्यक्रम में बेजोस ने कहा कि वह ब्लू ओरिजिन को एलन मस्क के स्पेसएक्स के साथ प्रतिस्पर्धा में नहीं देखते हैं।

# जॉर्जिया मेलोनी को देख अल्बानियाई पीएम एडी रामा बैठे घुटनों पर और गाने लगे गाना, दिया खूबसूरत स्कार्फ





**अल्बानिया।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी 48 साल की हो गईं। उनके लिए बुधवार का दिन बड़ा ही खास और हैरान करने वाला था। दरअसल, अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने कुछ अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। एडी रामा मेलोनी को देखते ही उनके लिए घुटनों पर बैठ गए और स्कार्फ उपहार में दिया। इतना ही नहीं उन्होंने गाना गाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। बता दें, ये दिलचस्प वाकया संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में हुआ, जहां कई देशों के राष्ट्र प्रमुख वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

### अचानक घुटनों पर बैठे रामा

काफी लंबे रामा के सामने जब इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी आईं तो उन्होंने घुटनों पर बैठकर उनके लिए तांती अगुरी (हैप्पी बर्थडे) गाना गाया और फिर उन्हें उपहार में स्कार्फ दिया। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से मेलोनी को स्कार्फ पहनाया, तो वहां मौजूद दूसरे नेता तालियां बजाने लगे।

### क्यों खास है स्कार्फ?

यह स्कार्फ काफी खास था। रामा ने बताया कि यह हल्के वजन का स्कार्फ एक इतालवी डिजाइनर ने बनाया है, जो अब अल्बानिया में रहता है। यह गिफ्ट दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। बता दें, दोनों नेताओं के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं। हालांकि, दोनों विपरीत राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े हुए हैं। मेलोनी दक्षिणपंथी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली का नेतृत्व करती हैं, जबकि रामा अल्बानिया की सोशलिस्ट पार्टी के प्रमुख हैं।

पिछले साल, मेलोनी और रामा ने एक समझौता किया था, जिसके तहत इटली द्वारा समुद्र से पकड़े गए प्रवासियों को अल्बानिया के हिरासत केंद्रों में भेजने की योजना बनाई गई थी। हालांकि ये केंद्र अभी कानूनी समस्याओं के कारण बंद हैं, फिर भी यह समझौता दोनों देशों के सहयोग को दर्शाता है। बुधवार को शिखर सम्मेलन में, इटली, अल्बानिया और संयुक्त अरब अमीरात ने एड्रियाटिक सागर में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए समुद्र के नीचे इंटरकनेक्शन बनाने के लिए कम से कम 1 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# खनिकों-पुलिस के बीच गतिरोध में 87 की मौत; बचाव अभियान में 240 लोगों को खदान से निकाया गया बाहर



**दक्षिण अफ्रीका।** दक्षिण अफ्रीका में एक सोने की खदान में अवैध रूप से भूमिगत काम करने के दौरान फंसे खनिकों और पुलिस के बीच एक महीने से जारी गतिरोध में मरने वालों की संख्या कम से कम 87 हो गई है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने एक बचाव अभियान चलाकर 240 से अधिक जीवित लोगों को खदान से बाहर निकाला। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने कहा कि सोमवार से शुरू हुए बचाव अभियान में खदान से 78 शव निकाले गए, जबकि नौ अन्य शव पहले ही बरामद किए गए थे।

राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने फिलहाल इस बात का विवरण नहीं दिया कि शव कैसे निकाले गए। कम्यूनिटी ग्रुप ने कहा कि उन्होंने अपने बचाव के प्रयास खुद शुरू किए थे, क्योंकि पिछले साल अधिकारियों ने कहा था कि वे खनिकों की मदद नहीं करेंगे, क्योंकि वे अपराधी है। खनिकों की मौत का कारण भूख और निर्जलीकरण को बताया जा रहा है।

अधिकारियों का मानना है कि लगभग दो हजार खनिक पिछले साल अगस्त से जोहान्सबर्ग के दक्षिण-पश्चिम में बफेल्सफोंटेन गोल्ड माइन में अवैध रूप से काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि सभी जीवित लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बुधवार को बचाव अभियान समाप्त करने की घोषणा की। उनका मानना है कि अब कोई भी भूमिगत नहीं है। इसकी पुष्टि के लिए गुरुवार को एक कैमरा खदान में भेजा जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बचाव अभियान से पहले कम से कम 13 बच्चे भी खदान से बाहर निकाले गए। पुलिस ने बताया कि अधिकांश खनिक पड़ोसी देशों के रहने वाले हैं। एक कैबिनेट मंत्री ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, खनिकों को बाहर निकालने के प्रयास में पिछले साल कुछ समय के लिए उन्हें भाजन और अन्य आपूर्ति में कटौती की गई थी। नागरिक समूहों ने कहा कि अधिकारियों ने खनिकों की मौतों में योगदान दिया। उन्होंने इस मामले में स्वतंत्र जांच की मांग की। पुलिस ने बताया कि खनिक अलग-अलग शाफ्टों के माध्यम से बाहर आने में सक्षम थे, लेकिन कई गिरफ्तार होने के डर से बाहर आने से इनकार कर दिया।

# बलूचिस्तान से सात लोगों को पाकिस्तानी सेना ने किया अगवा, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन



**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान की सेना पर बलूचिस्तान के कई इलाकों से कई लोगों को अगवा करने आरोप लगाया गया है। वहीं इस मामले को लेकर कई इलाकों में लोगों की तरफ से बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जा रहा है। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के कई हिस्सों से पाकिस्तानी सेना की तरफ से कथित तौर पर कम से कम सात लोगों को अगवा किया गया है, जिससे पूरे इलाके में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ है।

### पंजगुर और खुजदार जिले में विरोध-प्रदर्शन

बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, दो व्यक्तियों - नजीर के बेटे मुजीर और अहमद के बेटे जसीम को कल देर रात पंजगुर के सैदान इलाके से पाकिस्तानी सेना ने अगवा कर लिया। इसके जवाब में, उनके परिवारों ने अपने प्रियजनों की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर सैदान में सड़कें जाम कर और ट्रैफिक रोककर धरना प्रदर्शन किया है। बलूचिस्तान पोस्ट ने आगे बताया है कि खुजदार जिले में भी विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जहां निवासी जबरन गायब हुए लोगों की बरामदगी की मांग कर रहे हैं।

### एक अपहरण की घटना लोगों ने रोका

हाल ही की एक घटना में, पाकिस्तानी सेना ने रुस्तम खान के बेटे मोहम्मद सलीम के अपहरण का प्रयास किया, जब वह जेहरी तरासानी में अपने मवेशियों की देखभाल कर रहा था। हालांकि, स्थानीय निवासियों और सलीम के परिवार ने हस्तक्षेप कर अपहरण को रोक दिया। इसके बावजूद, सलीम का परिवार उसकी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है और उन्होंने बिलाल बलूचियों को चेतावनी दी है कि अगर उसे कोई नुकसान पहुंचा तो वे सरकार को जिम्मेदार ठहराएंगे।

### तुर्बत में भी महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने किया सड़क जाम

बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों लोगों को अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। तुर्बत में अगवा किए जाने के कारण शापुक के पास तुर्बत-क्वेटा एम-8 सीपीईसी हाईवे पर विरोध प्रदर्शन हुए, जहां महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने सड़क जाम कर दी। वे मुनीर अहमद, शकील रिंद और शेख गुलाम कादिर की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें 12 जनवरी, 2025 को दुकरम मवेशी बाजार के पास हिरासत में लिया गया था। सात अतिरिक्त परिवार, जिनके रिश्तेदार भी लापता हो गए हैं, विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं, जिससे न्याय की मांग और बढ़ गई है।

### खुजदार में भी 12 लोगों को किया गया अगवा

पिछले कुछ दिनों में, खुजदार तहसील में कथित तौर पर 12 व्यक्तियों को अगवा किया गया, जिससे परिवारों ने विरोध में सड़कें जाम कर दीं। तुर्बत में इसी तरह की घटनाओं ने और अशांति फैला दी है। बताया जाता है कि पाकिस्तानी सेना ने सुबह 2 बजे के आसपास न्यू बहमन दन्नुक में घरों पर छापा मारा और हैदर अली के बेटे बिलाल बलूच और हैर मोहम्मद के बेटे इस्माइल बलूच को हिरासत में ले लिया।

## न्यूज डायरी

### यूके में भारतवंशी नर्स पर हमला

उत्तर-पश्चिम ब्रिटेन के ग्रेटर मैनचेस्टर स्थित रॉयल ओल्डहैम अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक नर्स पर कैंची से हमला किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। वह अस्पताल की आपात चिकित्सा इकाई में रात्रि पाली में ड्यूटी कर रही थीं। मैनचेस्टर मैजिस्ट्रेट अदालत में नर्स का नाम अचम्मा चेरियन बताया गया। उन पर शनिवार रात हमला किया गया था। आरोपी रूमन हक (37) को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमले की वजह फिलहाल नहीं बताई गई है। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा कि रूमन पर मंगलवार को हत्या का प्रयास और ब्लेड वाली वस्तु रखने का आरोप लगाया गया। उसे अगले महीने मैनचेस्टर क्राउन अदालत में पेश करने के लिए हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की तरफ से जारी बयान के अनुसार, पीड़िता 50 साल की हैं और उन्हें हमले में गंभीर चोट आई हैं। उनका इलाज चल रहा है। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा, वह नर्स के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

### बांग्लादेश में पूर्व सेना प्रमुख समेत 18 को 12 साल की कैद

बांग्लादेश की विशेष अदालत ने बुधवार को पूर्व सेना प्रमुख हारुनुर रशीद और 18 अन्य लोगों को गबन और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 12 साल कैद की सजा सुनाई और 4,500 करोड़ टका से अधिक का जुमार्ना भी लगाया। रशीद बांग्लादेश के सम्मानित अफसर रहे हैं। जज मोहम्मद रबीउल आलम ने सभी पर एक साथ 4,515.57 करोड़ टका का जुमार्ना लगाया, जो गबन की राशि से दोगुनी है। सेना से सेवानिवृत्त होने के कई साल बाद राशिद को डेस्टिनी समूह ने निदेशक के तौर पर भर्ती किया था, जबकि 2016 में मुकदमा शुरू होने के बाद से ही उन्हें जमानत मिल गई थी। डेस्टिनी समूह ने निवेशकों से 1,901 करोड़ टका जुटाया। इसमें से 1,861.45 करोड़ टका का गबन किया, जिसके परिणामस्वरूप आठ लाख निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा। राशिद ने 1996 से 2001 तक अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान सेना प्रमुख के रूप में कार्य किया था।

### कांगो में अऊविद्रोहियों ने की 10 लोगों की हत्या

पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट से जुड़े चरमपंथी विद्रोहियों ने कम से कम 10 लोगों की हत्या कर दी। प्रांतीय संसद सदस्य डेविड सिकुली ने बुधवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस्लामिक स्टेट से जुड़े एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) के विद्रोहियों ने उत्तरी किवु प्रांत के लुबेरो क्षेत्र में माकोको गांव पर हमला किया। सिकुली ने बताया कि गांव में कोई कांगो सैनिक नहीं था, केवल स्थानीय लड़ाके थे, जिन्हें वाजालेंडो के नाम से जाना जाता है। सिकुली ने कांगो सरकार से अपील की कि वह कांगो और युगांडा की सेनाओं को संयुक्त अभियान चलाने की अनुमति दे, ताकि एडीएफ के प्रभाव वाले क्षेत्रों में कार्रवाई की जा सके।

### स्पेसएक्स ने लॉन्च किए दो निजी चंद्र लैंडर

स्पेसएक्स ने बुधवार को अमेरिकी और जापानी कंपनियों के लिए दो चंद्र लैंडर लॉन्च किए। नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से आधी रात को दो लैंडर एक रॉकेट से रवाना हुए। यह चंद्रमा पर जाने वाले निजी अंतरिक्ष यान की कतार में नवीनतम प्रयास है। पैसे बचाने के लिए इन दोनों लैंडरों ने सवारी साझा की। उड़ान के एक घंटे बाद, योजना के अनुसार, दोनों सही समय पर अलग हो गए और चंद्रमा की ओर अपने-अपने रास्ते अपनाए। टोक्यो स्थित कंपनी आईस्पेस का यह दूसरा प्रयास है। उनका पहला लैंडर दो साल पहले चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस बार, लैंडर में एक रोवर भी है, जो चंद्रमा की मिट्टी को इकट्ठा करेगा और भविष्य के खोजकर्ताओं के लिए पानी और भोजन के स्रोतों का परीक्षण करेगा।

### ताइवान ने अपने क्षेत्र के पास 10 चीनी विमान

ताइवान की राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने बताया कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 10 विमान और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के छह जहाज आज सुबह ताइवान के आसपास देखे गए। एमएनडी ने आगे बताया कि छह विमान मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए। एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए, एमएनडी ने लिखा, 'ताइवान के आसपास 10 पीएलए विमान और 6 पीएलएएन जहाज आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक देखे गए।' इसमें आगे कहा गया, '6 विमान मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड में घुस गए। हमने स्थिति पर नजर रखी है और इसके अनुसार प्रतिक्रिया दी है।'

## गलत नीतियों से बढ़ रहा माइक्रोप्लास्टिक कचरा

# रीसाइकल करने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया यूरोपीय संघ



> **रीसाइक्लिंग की कमी से न केवल लैंडफिल, भस्मीकरण संयंत्रों और प्रकृति में छोड़े गए कचरे की मात्रा बढ़ रही है।**

**नई दिल्ली।** प्लास्टिक कचरे का उचित प्रबंध न होने और गलत नीतियों के कारण यह दिनोंदिन दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। पिछले एक दशक के दौरान दुनियाभर में खासकर यूरोप में प्लास्टिक का उपयोग बहुत बढ़ गया है। 2021 में यूरोपीय संघ (ईयू) में हर एक व्यक्ति ने औसतन 36 किलो प्लास्टिक पैकेजिंग का कचरा पैदा किया। उस साल उत्पन्न 1.6 करोड़ टन से अधिक प्लास्टिक पैकेजिंग में से केवल 65 लाख टन ही रीसाइकिल हो पाया। यह जानकारी काउनास यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (केटीयू) के शोधकताओं की अगुवाई में किए गए एक अध्ययन से सामने आई है। सस्टेनेबिलिटी नामक जर्नल में इसके निष्कर्ष प्रकाशित किए गए हैं।

### अध्ययन में ये बातें आई सामने

अध्ययन के अनुसार, दुनियाभर में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग गंभीर समस्या बनी हुई है। रीसाइक्लिंग की कमी से न केवल लैंडफिल, भस्मीकरण संयंत्रों और प्रकृति में छोड़े गए कचरे की मात्रा बढ़ रही है, बल्कि माइक्रोप्लास्टिक के निर्माण में भी बढ़ोतरी होती है जो लगातार पारिस्थितिकी तंत्र और मनुष्य की सेहत के लिए खतरनाक बनता जा रहा है। हालांकि, प्लास्टिक कचरे को कम करना दुनिया का पहला लक्ष्य बना हुआ है, लेकिन पहले से प्रचलन में मौजूद प्लास्टिक के प्रबंधन के लिए रीसाइक्लिंग जरूरी है। 2025 तक 50 फीसदी प्लास्टिक को रीसाइकल करने का लक्ष्य यूरोपीय संघ हासिल नहीं कर पाया। अब 2030 तक 55 फीसदी का लक्ष्य रखा गया है।

### समस्या के समाधान के लिए व्यापक नजरिए की जरूरत

शोधकताओं के अनुसार, स्थिति को सुधारने के लिए कचरे की प्रबंधन प्रक्रिया को केवल एक तरफ से हल नहीं किया जा सकता है। यह बहुआयामी समस्या है। इसलिए इसके प्रति व्यापक नजरिए की जरूरत है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कानूनी पहलुओं पर विचार किए बिना केवल रीसाइक्लिंग तकनीकों को बेहतर बनाने या नए तरीके खोजने पर जोर देना ही सही नहीं है।

यह नजरिया न केवल समस्या से निपटने में विफल होगा, बल्कि अन्य पहलुओं पर विचार करने की प्रक्रिया को धीमा कर सकता है। यह समझने के लिए कि बाहरी कारण, प्लास्टिक पैकेजिंग रीसाइक्लिंग को कैसे प्रभावित करते हैं एक मैक्रो-पर्यावरणीय विश्लेषण किया गया। इसके तहत छह प्रमुख क्षेत्रों की जांच की गई। इसमें राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, पारिस्थितिकी और कानूनी कारण शामिल थे।

# बाइडेन की फेयरवेल स्पीच में टारगेट पर रहे अमेरिका के सुपर रीच



**वाशिंगटन।** निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपना अंतिम भाषण दिया क्योंकि वह 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रम्प को राष्ट्रपति पद सौंपने वाले हैं। बाइडेन ने अपने विदाई भाषण की शुरूआत पिछले चार वर्षों में अपनी उपलब्धियों को सूचीबद्ध करने के साथ की और अगले चार वर्षों के लिए चेतावनी जारी की। यह कहते हुए कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने देश को 'अति धनाढ्यों के कुलीनतंत्र' के बारे में भी आगाह किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में 8 महीने की बातचीत के बाद इजरायल और हमास के बीच हुए युद्धविराम को स्वीकार किया। अमेरिका में मुट्ठीभर दौलतमंदों के हाथों में शक्ति का केंद्रीकरण देश के लोकतंत्र को खतरे में डाल रहा है।

बाइडेन ने अपने अंतिम संबोधन के दौरान राजनीति से काले धन को बाहर निकालने के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने धन के केंद्रीकरण और सत्ता के दुरुपयोग के कारण उत्पन्न होने वाली चिंताओं पर प्रकाश डाला, उन्होंने इन कारकों को अमेरिका में लोकतंत्र के लिए बड़े खतरे के रूप में वर्गीकृत किया। मैं तकनीकी-औद्योगिक परिसरों की संभावित वृद्धि को लेकर भी उतना ही चिंतित हूं, जिससे हमारे देश के लिए भी वास्तविक खतरा पैदा हो सकता है। ओवल ऑफिस में उनके द्वारा दिया गया यह भाषण घरेलू नीति और विदेश संबंधों पर उनका ताजा बयान था। इससे पहले उन्होंने इजराइल और हमास के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित युद्धविराम समझौते की घोषणा की, जिससे पश्चिम एशिया में एक साल से अधिक समय से जारी युद्ध समाप्त हो

# इस्राइल-हमास समझौते पर लोगों में खुशी, अब बंधकों की रिहाई का इंतजार

**तेल अवीव।** इस्राइल और हमास के बीच गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई को लेकर बनी सहमति पर लोगों ने खुशी जाहिर की। समझौते के बाद इस्राइल के तेल अवीव में सड़कों पर भीड़ नजर आई। लोगों ने कैंडल जलाकर और गीत गाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। लोगों ने कहा कि समझौते के बाद काफी राहत मिलेगी। इस दौरान लोगों ने बंधकों के बैनर पकड़कर ढोल बजाए और नारे भी लगाए। अब लोगों को बंधकों की रिहाई का इंतजार है।



### इस्राइली पीएम ने किया बाइडन और ट्रंप का धन्यवाद

इस्राइल के प्रधानमंत्री ने समझौते के बाद ट्रंप और बाइडन का धन्यवाद किया। पीएम कार्यालय ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे सभी बंधकों को वापस लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अमेरिका के आने वाले राष्ट्रपति की इस टिप्पणी की सराहना की, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका इस्राइल के साथ मिलकर काम करेगा ताकि गाजा कभी भी आतंकवादियों का ठिकाना न बने।

इस्राइल हमासे के बीच हुए युद्ध विराम समझौते पर राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप दोनों श्रेय ले रहे हैं। मामले में व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रंप के मध्य पूर्व दूत ने महीनों तक चली वार्ता में हिस्सा लिया। ट्रंप ने यह दावा किया कि वह इस समझौते के पीछे की प्रेरक शक्ति थे और उन्होंने कहा कि यह महाकाव्य युद्ध विराम समझौता उनकी प्रशासन की ऐतिहासिक जीत का परिणाम है। साथ ही उनका मानना था कि इस समझौते से दुनिया को यह संदेश मिला कि उनका प्रशासन शांति की तलाश करेगा और अमेरिकियों और उनके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

### 19 जनवरी से प्रभावी होगा समझौता

कतर, मिस्र और अमेरिका ने बुधवार को एक संयुक्त बयान जारी किया। इसमें बताया गया कि इस्राइल और हमास ने युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए समझौता किया है। यह समझौता 19 जनवरी 2025 से प्रभावी होगा और इसमें तीन चरणों में शांति लाने की योजना है। साथ ही मामले में कतर, मिस्र और अमेरिका ने यह सुनिश्चित करने का वचन दिया है कि सभी तीन चरणों का पालन किया जाएगा और यह समझौता पूरी तरह से लागू होगा। इन देशों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को सफल बनाने का भी वादा किया है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने भी दी प्रतिक्रिया

युद्धविराम समझौते पर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ट्रूथ सोशल पर लिखा, हमने मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) में बंधकों की रिहाई के लिए एक समझौता कर लिया है। वे जल्द ही रिहा किए जाएंगे। धन्यवाद।

### इस्राइली बंधकों और फलस्तीनी बंदियों की होगी रिहाई

समझौते के तहत हमास और उससे जुड़े संगठन सात अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हमलों के बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करेंगे। इसके बाद इस्राइल सैकड़ों फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। यह समझौता गाजा के लोगों के लिए एक साल से अधिक समय में पहली बार संघर्ष से राहत देगा और इस्राइल के हमलों के हमलों की शुरूआत के बाद से यह दूसरी बार होगा जब गाजा में युद्धविराम होगा। इस समझौते के तहत फलस्तीनी नागरिकों को गाजा के उत्तरी हिस्से में लौटने की अनुमति मिलेगी और गाजा में मानवीय मदद पहुंचाई जाएगी, जहां के निवासी लंबे समय से भुखमरी जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं।

### बाइडन ने भी दिया अपना तर्क

दूसरी ओर ट्रंप के बाद जो बाइड ने इस समझौते को लेकर दावा किया कि यह समझौता उनकी योजना के तहत हुआ था और इसमें अमेरिकी कूटनीति का बड़ा योगदान था। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने इस समझौते पर बातचीत की, लेकिन ट्रम्प की टीम को इस सौदे को लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### अक्तूबर 2023 में हमास के हमलों के बाद शुरू हुआ युद्ध

हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 लोग मारे गए थे और 250 अन्य को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजराइल ने जवाबी हमले किये, जिसमें फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार 46,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए थे। इसके अलावा गाजा की अनुमानित 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई और मानवीय संकट पैदा हो गया। नवंबर 2023 में हुए एक सप्ताह के संघर्ष विराम के दौरान गाजा से 100 से अधिक बंधकों को रिहा किया गया था।

# बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए सतर्क रहें सभी विभाग : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

## डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टास्क फोर्स व जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत

## बर्ड फ्लू के संबंध में पशु पालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग रहे अलर्ट मोड पर : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टास्क फोर्स व जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप–जिलाधिकारी, एसीएमओ, तहसीलदार, ईओ, जिला सूचना अधिकारी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





### बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक रहना महत्वपूर्ण

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने विशेष रूप से पशु पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी कारण से जनपद में बर्ड फ्लू ना फैलें, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए जनता में बर्ड फ्लू के लक्षणों और उपायों की जानकारी दी जाएं। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि यदि बर्ड फ्लू से संबंधित कोई पक्षी या ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो वह इसकी जानकारी पशु पालन विभाग को अवश्य दें। किसी भी बीमारी को रोकना और सभी का बचाव कराना हम सभी की नैतिक व अहम जिम्मेदारी है। बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) एक विषाणु जनित (वायरल) इन्फेकशन है। यह आरएनए टाईप ए वायरस है। इसके तीन एन्टीजन टाईप ए, बी आर सी होते हैं। बी एवं सी मनुष्यों में इन्फ्लूएन्जा रोग के प्रमुख कारण है। टाईप ए पक्षियों में तथा मनुष्यों, सूकरों, घोडे तथा बन्दरों में भी रोग उत्पन्न करते हैं।

### बर्ड फ्लू के लक्षण व बचाव हेतु सुझाव

**करंट क्राइम।** बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बर्ड फ्लू बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियों, सावधानियों एवं सतर्कता हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होने कहा कि हमें जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए सभी जनपदवासियों को बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक करना है, कि पक्षियों में इसके लक्षण किस प्रकार से देखे जा सकते हैं और इससे बचाव हेतु क्या–क्या सावधानियां बरतनी हैं। उन्होंने बर्ड फ्लू के लक्षणों के बारे में बताया कि बर्ड फ्लू से संक्रमित पक्षी की आंख व नाक से लाल रंग का पानी निकलता है, उन्हें हरे व लाल रंग का पतला दस्त (बीट) होता है। पक्षी को ज्वर आता है। कलगी बैठक व पैर बैंगनी हो जाते हैं। पक्षियों के गर्दन तथा आंखों के निचले हिस्से में सूजन आ जाती है। इसके साथ ही अण्डा उत्पादन कम, श्वास लेने में कठिनाई, छींक, खांसी, एक जगह पर बैठे रहना, सिर एवं गर्दन में सूजन आदि हो जाना मुख्य लक्षण हैं। इससे प्रभावित पक्षियों की मृत्यु हो जाती है। उन्होने कहा कि बर्ड फ्लू से बचाव हेतु बायोसिक्योरिटी, साफ–सफाई रखना। मुर्गी, बत्तख, मछली तथा सूकर पास–पास ना पालें। बीमार पक्षियों के बीट से बचें। मृत प्रवासी पक्षियों से प्रभावित कुक्कुट प्रक्षेत्रों से तथा एच0पी0ए0आई0 से ग्रसित पक्षियों के शव विच्छेदन से बचें। यदि कुक्कुट पालन का कार्य पूरी बायोसिक्योरिटि अपनाते हुए संतुलित आहार, स्वस्थ चूजों, उत्तम रख–रखाव विधि से किया जाये तथा मृत पक्षियों का डिस्पोजल, डिस्पोजल पिट में किया जाये तथा बीमार पक्षियों को तुरन्त निकाल दिया जाये तो रोग फैलने की सम्भावना कम हो जाती है।

### पोल्ट्री फार्म का निरंतर निरीक्षण किया जाए : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जनपद के सभी पोल्ट्री फार्म का निरंतर निरीक्षण किया जाए, जिनमें बर्ड फ्लू के लक्षण दिखें उन्हें तुरन्त अलग रखते हुए जांच करायी जाएं। बर्ड फ्लू का मामला संज्ञान में आते ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी या पशु पालन विभाग को सूचित किया जाए। उन्होंने पशु पालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को बर्ड फ्लू के संबंध में अलर्ट मोड पर रहने हेतु निर्देशित किया।

### जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा

**करंट क्राइम।** जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जनपद गाजियाबाद अन्तर्गत शत्रु सम्पत्तियों की कृषि भूमि पर यदि कब्जा है तो उसे कब्जा मुक्त कराकर और जो खाली है, इसके साथ ही एलएमसी की भूमि पर गोवंशों हेतु चारा उत्पादन किया जाएं। उन्होने सभी उप–जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, ईओ, खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त कृषि भूमियों पर चारा उत्पादन किया जाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी महोदय ने निराश्रित गोवंश सुपुर्दगी अभियान, निराश्रित गोवंश की ठण्ड से बचाव की व्यवस्थाओं, निमार्णाधीन अस्थाई गो आश्रय स्थलों की प्रगति आदि की समीक्षा की।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब लास्ट पारी में ली जानी है ठाकुर साहब की राय? उनकी राय से हो जायेगी अब दो चेहरों की ओके–टाटा–बॉय–बॉय? अब है इस बात पर सस्पेंस? वो किस चेहरे पर सहमति देंगे, किससे रखेंगे डिस्टेंस? हमें अंदाजा है कि वो पूरे मान से रखेंगे किसी का ध्यान? सुना है कोई वैश्य चेहरा भी उनका प्रिय बन सकता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महानगर अध्यक्ष की दौड़ में काफी आश्वस्त नजर आ रहा है पूरे प्रेम से चाबी खो जाने वाले त्यागियों का नाम? मगर यहां पर सबकुछ जिले की ताजपोशी पर टिका है? सारा मामला इनका वहीं पर झुका है? पता चला है कि जिले में त्यागी फैक्टर की चल रही है जबरदस्त चर्चा? अगर वहां चल गया त्यागी जी का नाम, तो फिर ये दोनों कैसे भरेगें पर्चा? कहने वाले ने कहा मार्किट में हो रही है तमाम बातें? जिनमें हो रही थी इस तरह की ही चर्चा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिले वाली अध्यक्षी में काफी टाईट स्थिति में आ गया है एक गुर्जर चेहरे का नाम? कहने वाले कह रहे हैं इनकी जितनी ज्यादा स्थिति मजबूत है, उतनी ही ताकत से विरोधी लगा रहे हैं इनके खिलाफ जान? देखना अब ये है कि इन विरोधियों से निपटने की क्या की है इन्होंने तैयारी? मगर चर्चा यही है कि कोई ना कोई चेहरा पड़ गया है इनकी दावेदारी पर भारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दिन था गुरूवार और देर रात तक महानगर अध्यक्ष वाली थ्योरी में एक बात निकल कर आई? कहने वाले ने कहा अब ऊपर रोचक हो चुकी है दो सेम कास्ट वाले वैश्य नेताओं की लड़ाई? पता चला है गुरूवार की देर रात डल गया है इन दोनों चेहरों में से एक चेहरे का टॉप गियर? इनका मामला पकड़ चुका है रफ्तार? अब ये चेहरा कौन है, हम अच्छी तरह जानते हैं? मगर आपके सवाल में उनका चर्चा हम नहीं कर पायेंगे यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में पैरोकारी वाला दिख रहा है जबरदस्त सीन? कहने वाले ने कहा यहां पर वो चेहरा अध्यक्ष बन जायेगा जिसके लिए पूरी ताकत से एक विधायक बजा रहे हैं बीन? सुना है पांडेय जी और नाथ जी के यहां पर सीरियसली ली जा रही है विधायक जी की बात? कहने वाले ने कहा जिस नाम की चर्चा विधायक जी ने इनसे कर दी? वो बन जायेगा महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेरठ में बन रहा है वैश्य वाला योग? अगर ये योग नहीं बना तो फिर गाजियाबाद में होगा इस फैक्टर का प्रयोग? कहने वाले ने कहा हमें है मेरठ फैक्टर पर ज्यादा गहरी जानकारी? इसलिए आपके सवाल के माध्यम से हम इस बात को कर रहे हैं जारी? मगर ये भी मानना चाहिए, ये भगवागढ़ की राजनीति है? यहां कोई भी चेहरा कभी भी पड़ सकता है किसी पर भारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं भगवा झा की एक खास बात? वो घोषणाओं को लेकर दूर वाली दृष्टि रखते हैं साहब? हमने देखा जब किये उन्होंने मन की बात वाले फोटो फेसबुक पर अपडेट? सबसे पहले उन्होंने भगवा कमांडर के फोटो को स्थान दिया? फिर दूसरे फोटो में रखा उन्होंने पूरे मान से किसी चेहरे का ध्यान? कहने वाले ने कहा समझ जाओ मिस्टर झा के इशारों को? वो जरूर इस पोस्ट के माध्यम से कोई संदेश दे रहे हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बहुत ही अच्छा लगता है सतेन्द्र भैया का अंदाज? वो अपनों के लिए करते हैं बहुत ज्यादा प्रयास? भले ही पूरी ताकत लगाने के बावजूद नहीं बनी हो उनकी विधानसभा में बात? मगर सुना है कि अपने प्रिय ओबीसी चेहरे के लिए उन्होंने गाजियाबाद–दिल्ली और लखनऊ तक संभाले हैं सारे हालात? इसी वजह से वैश्य नेता ने पूरी शिद्दत से रखा है ओबीसी चेहरे का नाम? अब उनके लिए इतना को करना ही पड़ेगा? क्योंकि सतेन्द्र भैया रहते हैं हमेशा उनके दिल में विराजमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महानगर अध्यक्ष की दावेदारी को लेकर कुछ जनप्रतिनिधि जनरली भी रख रहे हैं कई बातों पर ध्यान? ऐंगल इस बात के तलाशे जा रहे हैं कि कहीं वहां से तो नहीं आया है कोई नाम? कहने वाले ने कहा ये जनप्रतिनिधि नहीं ओपन कर रहे हैं अपना गेम? मगर पता चला है किसी चेहरे को लेकर इन्होंने अपने दिमाग में तैयार कर लिया है फ्रेम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के ओबीसी चेहरे जो हैं इस वक्त महानगर अध्यक्ष के दावेदार? उन्होंने अभी से बना लिया है अपने दिमाग में विचार? कर दिया है उन्होंने अपने खास चेहरों से स्पष्ट? कह दिया है संगठन में वो इससे नीचे वाली पारी नहीं खेलेंगे? अभी से अपने दिलों को संभाल लो, नहीं तो बाद में होगा तुमको कष्ट? कहने वाले ने कहा उनके शब्द होते हैं बड़े बलवान? वो अपनी कही बात पर अमल करते हैं, भले ही कुछ भी बन जाये प्रोग्राम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कड़ाके की ठंड और निराश्रितों को आश्रय स्थल तक पहुंचाने में जुटा निगम

## बेसहारों का सहारा निगम का आश्रय स्थल, खुले आसमान में ना सोएं निराश्रित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम निराश्रितों का सहारा बनकर सामने आ रहा है। बढ़ती ठंड को देखते हुए निगम ने स्थाई तथा अस्थाई रेन बसेरों में व्यवस्थाओं को बढ़ाया है। बिस्तरों की संख्या कंबलों की संख्या साथ ही साथ अलाव व्यवस्था को भी बढ़ाया है। रेन बसेरों में हीटर भी लगवाए गए हैं, खुले आसमान में सड़कों के आसपास फुटपाथ पर कोई भी ठंड में ठिठुरते ना मिले ना ही रात्रि में सोता हुआ मिले इसके लिए लगातार निगम अधिकारी मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। खुद नगर आयुक्त भी रात्रि में आश्रय स्थलों का जायजा ले रहे हैं।









### जरूरत पड़े तो बढ़ाएं अस्थायी रैन बसेरों की संख्या : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश अनुसार ठंड से बचाव के लिए आश्रय स्थलों में बेहतर इंतजाम किए गए हैं। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत बढ़ती ठंड को देखते हुए अस्थाई आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ाने की योजना भी बनाई जा रही है। जरूरत पड़ने पर तत्काल प्रभाव से क्षेत्र में अस्थाई आश्रम स्थल बनाए जाएंगे। सभी आश्रय स्थलों में मेडिकल की सुविधा को भी नियमित बनाए रखने के लिए नगर आयुक्त द्वारा संबंधित टीम को निर्देश दिए गए। आश्रित स्थलों के पास पानी का टैंकर तथा मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था भी बनी हुई है। गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग सामाजिक संस्थाएं तथा क्षेत्रीय पार्षदों के द्वारा भी निराश्रितों को आश्रय स्थल पहुंचने में कराया जा रहा है।

### रात्रि में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निरीक्षण हेतु भेजी टीम

**करंट क्राइम।** सभी जोन में विशेष ध्यान देते हुए नगर आयुक्त द्वारा रात्रि में निगम की टीम को मोहन नगर चौराहे से लेकर शालीमार गार्डन होते हुए भोपुरा तक विजयनगर, प्रताप विहार, कवि नगर, गोविंदपुरम, संजय नगर, राज नगर सिटी जोन, घंटाघर रेलवे स्टेशन, बजरिया, वसुंधरा, कौशांबी, वैशाली व अन्य सभी सार्वजनिक क्षेत्र में भेजा गया। खुले आसमान के नीचे ठंड में सोने वाले निराश्रितों को तत्काल आश्रय स्थलों में भिजवाने के निर्देश दिए गए। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव खुद सभी जोनल प्रभारी के साथ निरीक्षण के लिए निकले, निराश्रितों को आश्रय स्थल पहुंचने का कार्य किया गया। बेसहारों को स्थाई तथा अस्थाई रैन बसेरे में ले जाया गया। सभी जोन में भी अभियान के रूप में कार्रवाई की गई, मौके पर जोनल प्रभारी विजयनगर अंगद गुप्ता, वसुंधरा से एसके राय, सिटी जोन से महेंद्र कवि नगर से राजेश गुप्ता तथा मोहन नगर क्षेत्र से आरपी सिंह मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों को बांटे प्रशस्ति पत्र

## समस्त विभाग संयुक्त रूप से टीम के रूप में कार्य करें : नगर आयुक्त



















**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नगर निगम मुख्यालय पर सभी विभाग के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टीम के साथ जनहित समस्याओं के समाधान में बेहतर कार्य करने के लिए प्रशंसा भी की गई।

मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव, नरेंद्र कुमार चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रभारी प्रकाश कामाख्या प्रसाद आनंद, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, लेखाधिकारी जेपी सिंह, मुख्य नगर परीक्षक विवेक सिंह व अन्य टीम उपस्थित रही।

### जन समस्याओं के समाधान पर कार्यों की रफ्तार बढ़ाने हेतु किया मोटिवेट

**करंट क्राइम।** अतिथियों का आगमन हो या फिर महापर्व गाजियाबाद नगर निगम अधिकारी अहम भूमिका में बने रहते हैं। इसी क्रम को देखते हुए प्रधानमंत्री के आगमन के दिन व्यवस्थाओं को संभाले रखा गया, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा सभी को इंदिरापुरम में विकास कार्यों को करने के लिए मोटिवेट भी किया तथा कम समय लगाते हुए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए विकास की लहर को रफ्तार देने के लिए निर्देश दिए गए।

### नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ किया मंथन

**करंट क्राइम।** डॉ अनुज प्रभारी उद्यान को शहर की सुंदरता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा स्वच्छता के साथ–साथ सुंदरता को भी प्राथमिकता पर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इंदिरापुरम में जोनल कार्यालय की व्यवस्था शीघ्र करने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए कहा गया। गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा नए साल के अधिकारियों को डायरी तथा कैलेंडर भी बांटे गए। कार्य में समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के लिए टीम को मोटिवेट भी किया गया। गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में निरंतर जन समस्याओं के समाधान में बेहतर कार्य कर रहा है जो कि सराहनीय है।




## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपनी जीवन साथी पथिका त्यागी के साथ सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा का एक ओर पड़ाव पूरा किया। समर्थकों शुभचिंतकों ने बधाई शुभकामनाए देते हुए उनके मंगलमय जीवन खुशहाल जीवन की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।